महानगर

वर्ष -09 अंक -285, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , सोमवार, 29,जनवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

माघ कृष्णा-प्रतिपक्ष विक्रम संवत-2080

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने किया ध्वजारोहण

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों ने अभी तक केवल ऊपरी हिस्से को ही कवर किया है और ये काफी दूर तक जाने वाले हैं। भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने अमेरिका में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने यहां भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कहा िक मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों भारत से जुड़े रहें। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि उनकी दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, ठमैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में, अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं।ठ 35 साल से अधिक समय के बाद विदेश सेवा से इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले संधू ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें। संधू ने कहा, न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों पर भी ध्यान दें और भारत से जुड़े रहें। मैकलीन, वर्जीनिया में कार्यक्रम का आयोजन नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन द्वारा किया गया था। वर्तमान राजदूत को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए समुदाय के नेताओं द्वारा सम्मानित भी किया गया। संधू ने भारतीय अमेरिकी बिजनेस इम्पैक्ट ग्रुप द्वारा आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में बोलते हुए कहा कि भारत-अमेरिका संबंध अब तक केवल हिमशैल के शीर्ष को छू सका है।


## प्रोफेसर का हाथ काटने के मामले में 16 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में रहेगा मुख्य आरोपी सावद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**एर्नाकुलम (केरल)।** प्रोफेसर टीजे जोसेफ की हथेली काटने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (र्ष्टि) अदालत ने रविवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने मुख्य आरोपी सावद को 16 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत ने प्रोफेसर टीजे जोसेफ की हथेली काटने के मामले में मुख्य आरोपी सावद को 16 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अगले हफ्ते एनआईए 10 दिनों के लिए हिरासत का आवेदन दाखिल करेगी। सवाद को एर्नाकुलम उप जेल से कक्कानाड जिला जेल में स्थानांतरित किया जाएगा। जेल स्थानांतरण अनुरोध के अनुसार उप जेल आरोपियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त नहीं है। शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि अगले हफ्ते एनआईए 10 दिनों के लिए हिरासत का आवेदन दाखिल करेगी। बता दें कि सवाद को एर्नाकुलम उप जेल से कक्कानाड जिला जेल में शिफ्ट किया जाएगा। जेल स्थानांतरण अनुरोध के अनुसार, उप जेल आरोपियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त नहीं है। टेस्ट आइडेंटिफिकेशन प्रोसेस के लिए सवाद को एर्नाकुलम उप जेल में रखा गया था। इससे पहले 10 जनवरी को एनआईए ने केरल के प्रोफेसर हाथ-काटने के मामले में मुख्य और आखिरी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिससे इस भयावह घटना की जांच सफल रही। बता दें कि सवाद पिछले 13 सालों से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपये का इनाम भी रखा गया था। पुलिस के निरंतर प्रयासों के बाद मट्टनूर, कन्नूर (केरल) से उसे गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने कहा कि सवाद की पहचान 2010 में प्रोफेसर टीजे जोसेफ की हथेली काटकर हत्या के प्रयास के कुख्यात मामले में मुख्य आरोपी के रूप में की गई थी। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने कहा, 'सवाद के खिलाफ 10 जनवरी, 2011 को इस मामले में आरोपपत्र दायर किया गया था। यह पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा अपनाई जा रही हिंसक उग्रवाद की विचारधारा को दर्शाती है।' मामले में अब तक कुल 19 आरोपियों को भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत विभिन्न अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है। उनमें से तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और 10 अन्य को आठ साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई है।



## कड़ाके की ठंड से जल्द मिलेगी राहत लेकिन बारिश करेगी परेशान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश और बिहार में घने से बहुत घना कोहरा रहने की संभावना है फिर उसके बाद धीरे-धीरे सुधार आएगा। वहीं, 28 से 31 जनवरी से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। के अनुसार 28 को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों पंजाब हरियाणा चंडीगढ़ पश्चिम उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में रात/सुबह कुछ घंटों के लिए घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। आज उत्तराखंड उत्तरी मध्य प्रदेश उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल ओडिशा असम और मेघालयमिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग हिस्सों में सुबह कुछ घंटों के लिए घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। अगले 2 दिनों (27 और 28) के दौरान जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में हल्की छिटपुट बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। बाद के 3-4 दिनों यानी 29 जनवरी से 1 फरवरी तक के दौरान छिटपुट से लेकर तेज वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है। मुताबिक, दिल्ली में खराब मौसम के कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें देरी से पहुंच रही है। घने कोहरे के कारण रविवार (28 जनवरी) सुबह दिल्ली आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। दिल्ली पहुंचने वाले रेल यात्रियों को आज काफी देरी का सामना करना पड़ रहा है। की रिपोर्ट के अनुसार, 28 और 31 जनवरी, 2024 को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा/बर्फबारी की भी संभावना है।के अनुसार, 27 और 28 को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में रात/सुबह कुछ घंटों के लिए घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। आज उत्तराखंड, उत्तरी मध्य प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग हिस्सों में सुबह कुछ घंटों के लिए घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है।वहीं, बिहार के कुछ हिस्सों में आज यानी 28 को कोल्ड डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति जारी रहने की संभावना है और उसके बाद अगले 3 दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।




## एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर रामनाथ कोविंद ने पूर्व सीजेआइ से की चर्चा, पूर्व राष्ट्रपति ने कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक राष्ट्र एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक साथ चुनाव के मुद्दे पर देश के पूर्व चीफ जस्टिस यूयू ललित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ परामर्श किया है। एक राष्ट्र एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक साथ चुनाव के मुद्दे पर देश के पूर्व चीफ जस्टिस यूयू ललित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ परामर्श किया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मेघालय हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस संजीब बनर्जी और बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से भी मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि सेवानिवृत्त जजों के साथ अपने विचार-विमर्श जारी रखते हुए, कोविंद ने मेघालय हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस संजीब बनर्जी और बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से भी मुलाकात की। इन लोगों ने इस विषय पर अपनी सुविचारित राय दी। इस बयान में यह भी कहा गया कि समिति की शनिवार को बैठक हुई जिसमें पैनल के सदस्य और पूर्व वित्त आयोग प्रमुख एनके सिंह और प्राची मिश्रा द्वारा सह-लिखित शोध पत्र 'मैक्रोइकोनामिक इंपैक्ट आफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंस फ्राम इंडिया' पर एक प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रेजेंटेशन में संकेत दिया कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी। शनिवार की बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, एन के सिंह, पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी कश्यप, पूर्व सीवीसी संजय कोठारी और वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे भी शामिल हुए। यह समिति की चौथी बैठक थी। बयान में कहा गया है कि राजनीतिक दलों के साथ अपनी चर्चा जारी रखते हुए कोविंद ने गोवा की महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के अध्यक्ष दीपक 'पांडुरंग' धवलीकर के साथ बातचीत की। पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को अपना मजबूत समर्थन देने की पेशकश की। पार्टी का मानना है कि इससे जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत होगा।




## पाकिस्तान ने इतिहास में पहली बार माना बलूचिस्तान मांग रहा आजादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार किसी भी राजनीतिक नेता ने पहली बार माना है कि बलूचिस्तान के लोग आजादी मांग रहे हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान के लोग न केवल पाकिस्तान से असंतुष्ट हैं, बल्कि एक स्वतंत्र राज्य की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान के लोग न केवल पाकिस्तान से असंतुष्ट हैं बल्कि एक स्वतंत्र राज्य की मांग कर रहे हैं। काकर ने एक साक्षात्कार में बलूचिस्तान में जबरन गायब हो रहे लोगों के जटिल मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। काकर ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान में असंतोष की जड़ एक अलग बलूच पहचान है। बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, काकर ने एक साक्षात्कार में बलूचिस्तान में जबरन गायब हो रहे लोगों के जटिल मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। पाक पीएम ने इन मामलों को सुलझाने में आने वाली चुनौतियों को पहचाना और लापता व्यक्तियों की वापसी पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर भी जोर दिया। बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, काकर ने एक साक्षात्कार में बलूचिस्तान में जबरन गायब हो रहे लोगों के जटिल मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। पाक पीएम ने इन मामलों को सुलझाने में आने वाली चुनौतियों को पहचाना और लापता व्यक्तियों की वापसी पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर भी जोर दिया।



## उत्तर कोरिया ने फिर दागी क्रूज मिसाइलें, इस महीने में तीसरी बार किया परीक्षण

**सियोल।** अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने एक बार फिर क्रूज मिसाइलें दागी हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सैन्य बंदरगाह से कई क्रूज मिसाइलें दागी हैं। अमेरिका दक्षिण कोरिया और जापान के साथ तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने एक बार फिर क्रूज मिसाइलें दागी हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सैन्य बंदरगाह से कई क्रूज मिसाइलें दागी हैं। हालांकि दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने यह नहीं बताया है कि उत्तर कोरिया ने कितनी क्रूज मिसाइलें दागी हैं और यह कितनी दूर जाकर गिरी है। हालांकि, दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने यह नहीं बताया है कि उत्तर कोरिया ने कितनी क्रूज मिसाइलें दागी हैं और यह कितनी दूर जाकर गिरी है। बता दें कि साल 2024 में उत्तर कोरिया ने तीसरी बार परीक्षण किया है।

## पीएम मोदी सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुप्रीम कोर्ट सभागार में डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर) लांच करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल का शुभारंभ करेंगे, जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट, डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट शामिल हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुप्रीम कोर्ट सभागार में डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर) लांच करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल का शुभारंभ करेंगे जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट शामिल हैं। पीएम मोदी इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करेंगे। डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट देश के नागरिकों को निःशुल्क और इलेक्ट्रानिक प्रारूप में सुप्रीम कोर्ट के फैसले उपलब्ध कराएगी। इसकी मुख्य विशेषता यह है कि 1950 के बाद से 36,308 मामलों को कवर करने वाली सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट के सभी 519 खंड डिजिटल प्रारूप में उपयोगकर्ता के अनुकूल उपलब्ध होंगे। डिजिटल कोर्ट 2.0 एप्लिकेशन जिला अदालतों के न्यायाधीशों को इलेक्ट्रानिक रूप में अदालती रिकार्ड उपलब्ध कराने के लिए ई-कोर्ट परियोजना के तहत एक हालिया पहल है। इसे वर्तमान समय के आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) के उपयोग के साथ जोड़ा गया है प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट भी लांच करेंगे। वेबसाइट अंग्रेजी और हदी में होगी और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ फिर से डिजाइन किया गया है।



## सूर्य और चंद्रमा के बाद अब नए मिशन की बारी, इनसैट-3 डीएस के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा इसरो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट 3डीएस के प्रक्षेपण के लिए तैयारी कर रहा है। इसरो ने शनिवार को कहा कि इनसैट 3डीएस को जीएसएलवी एफ14 से लॉन्च किया जाएगा। इसे प्रक्षेपण के लिए यूआर राव उपग्रह केंद्र से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट 3डीएस के प्रक्षेपण के लिए तैयारी कर रहा है। इसरो ने शनिवार को कहा कि इनसैट 3डीएस को जीएसएलवी एफ14 से लॉन्च किया जाएगा। इसे प्रक्षेपण के लिए यूआर राव उपग्रह केंद्र से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना किया गया है। सूत्रों के मुताबिक फरवरी के मध्य में इसे प्रक्षेपित करने का लक्ष्य है। सूत्रों के मुताबिक फरवरी के मध्य में इसे प्रक्षेपित करने का लक्ष्य है। इनसैट 3डीएस, विशिष्ट मौसम संबंधी उपग्रह है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा कक्षा में इनसैट-3डी और 3डीआर उपग्रहों को सेवाओं की निरंतरता प्रदान करना और इनसैट प्रणाली की क्षमताओं को बढ़ाना है। बेंगलुरु। इसरो ने शनिवार को कहा कि पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल यानि ने अपने सभी पेलोड उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। इसरो ने बताया कि देश का सस्ता अंतरिक्ष प्लेटफॉर्म है, जो पीएसएलवी-सी58 वाहन के खर्च किए गए चरण का उपयोग करता है। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने इसे एक जनवरी, 2024 को लॉन्च किया था, जिसने अपने सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। इसरो ने शनिवार को कहा कि पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल यानी ने अपने सभी पेलोड उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। इसरो ने बताया कि देश का सस्ता अंतरिक्ष प्लेटफॉर्म है जो पीएसएलवी-सी58 वाहन के खर्च किए गए पीएस4 चरण का उपयोग करता है। ने उड़ान भरने के बाद 25वें दिन तक 400 परिक्रमाएं पूरी कर लीं। इसने ने इस संबंध में एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र से नौ पेलोडों के साथ उड़ान भरी थी, जिसके बाद से ही अपने कक्षा में 25वें दिन तक 400 परिक्रमाएं पूरी कर लीं। इसरो ने इसे एक अद्वितीय और सस्ता मंच बताया। इसरो ने कहा कि इस दौरान प्रत्येक पेलोड को योजना के अनुसार परिचालन में लाया गया और सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया।
















# डॉ.रणजीत सिंह की कहानी सुन श्रोताओं के छलके आँसू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** भारत -भारतीय के कविता और कहानी,कवियों की जुबानी कार्यक्रम में सगरा सुंदरपुर पंचायत घर में कवियों एवं कहानीकारों ने अपनी रचनाओं से न केवल राष्ट्रीय एकता,समरसता,सौहार्द,प्रेम और देशभक्ति का संदेश दिया बल्कि डॉ.रणजीत सिंह की कहानी कहानी सूखे आँसू ने उपस्थित श्रोताओं की आँखों को सजल कर दिया कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष सगरा सुंदरपुर प्रदीप कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलन करके किया।उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अधिकारी संघ प्रताटगढ़ के जिला अध्यक्ष अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि कवि सम्मेलनों को सुनना समय की जरूरत है क्योंकि कवियों की वाणी हमें मार्गदर्शन देती है और जीवन जीने का तरीका बताती है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य अब्दुल शाहिद ने कहा कि मैं पहली बार कवि सम्मेलन सुन रहा हूं लेकिन मुझे बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है। स्वागत समिति के अध्यक्ष सर्वेश जायसवाल ने जहां अतिथियों का स्वागत किया।वहीं प्रधान प्रतिनिधि श्याम जी जायसवाल ने ऐसे कार्यक्रमों की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए सगरा सुंदरपुर की धरती पर होने वाले ऐसे कार्यक्रमों को जनोपयोगी बताया।समाजसेवी सरदार इंद्रजीत सिंह ने अपने वाचिक संदेश में सगरा सुंदरपुर में होने वाले भारत -भारतीय के कवि सम्मेलनों को प्रेरणाप्रद बताया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ जया मिश्रा की सरस्वती वंदना से हुआ।उन्होंने न केवल अपनी वंदना से वातावरण को अध्यात्म चिंतन से सराबोर कर दिया बल्कि अपनी एक से बढ़कर एक रचनाओं से उपस्थित जन समुदाय को गदगद कर दिया। अजय सोनी ने जहाँ सांप्रदायिक सौहार्द के मुक्तकों से एकता की प्रखर बात की वहीं उन्होंने गंगा मां पर पढ़े। गीत से श्रोताओं के हृदय में भक्ति भावना का संचार किया। भारत-भारतीय के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ.रणजीत सिंह ने जब अपनी पुस्तक टपकते आँसू कहानी संग्रह की कहानी सूखे आँसू का वाचन किया तो सभी श्रोताओं की आँखों से आँसू छलक पड़े। उन्होंने राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कविताओं का वाचन इस प्रकार करते हुए देशभक्ति की भावना का संचार किया- इच्छा है यही कुछ राष्ट्र हित का काम हो जाए, अपना भी भले लोगों में शामिल नाम हो जाए,आओ प्रेम से कुछ काम कर लें हम वतन का अब, क्या पता किस घड़ी जीवन की अंतिम शाम हो जाए।उन्होंने अपना चर्चित गीत चुटकीभर सिंदूर पढ़कर श्रोताओं को आह्लादित किया।अध्यक्षता कर रहे श्रेष्ठ हास्य-व्यंग्य कवि राधेश पाण्डेय ने कहा कि डॉ.रणजीत सिंह की कहानियां इस राष्ट्र की संदेशपरक धरोहर हैं।इस कहानी ने तो एक पल के लिए पूरे प्रांगण को रुला दिया।राधेश पाण्डेय ने अपनी रचना अहै बड़ी अइंठी कै अइंठा से जहां श्रोताओं को जमकर हंसाया वहीं कई व्यंग्य कविताओं से सामाजिक संवेदनाओं को जागृत किया। संयोजक प्रहलाद मोदनवाल ने सभी कवियों एवं श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों को करते रहने की बात कही।उन्होंने बताया कि यह कहानी एवं कवि सम्मेलन आज डॉ.रणजीत सिंह के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में पत्रकार संदीप पाण्डेय,अंकित शुक्ल,विनय कु. शुक्ल,कुलदीप शुक्ल पत्रकार, गोविंद मोदनवाल,शंभूनाथ मोदनवाल,संजय मोदनवाल राजू जायसवाल,ललित जायसवाल, जरीना बानो,खुशबू विश्वकर्मा, पुष्पा वर्मा, सुमन वर्मा, प्रिया वर्मा सलोनी वर्मा,कोमल कनौजिया, जोया बानो,अंकिता दुबे,स्वामी वर्मा,विकास वर्मा,अजीत वर्मा जगत वर्मा,राजेंद्र सरोज सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष डॉ.रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि अक्षय प्रताप सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी का सारस्वत सम्मान किया।

# खड़े डंपर से टकराई आटो, दो की मौत, तीन की हालत नाजुक, पुरामुफ्ती में हुआ दर्दनाक हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। तेज रफ्तार आटो सड़क के किनारे खड़े डंपर से टकरा गया।तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। एंबुलेंस से सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। पूरामुफ़्ती कोतवाली क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय के समीप रविवार भोर में खड़ी डंपर में पीछे से ऑटो टकरा गई। हादसे में ऑटो में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर समेत तीन लोग घायल हो गए। पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल निवासी अरशद पुत्र रईस ऑटो चालक है। रविवार भोर करीब चार बजे वह अपने भाई मो. अमन के साथ ऑटो में सवारी भर मुंडेरा मंडी सब्जी लेने जा रहा था। पूरामुफ़्ती कोतवाली के केंद्रीय विद्यालय के समीप घने कोहरे में सड़क किनारे खड़ी डंपर को देख अनियंत्रित हो गया। इसी बीच पीछे से आ रहा एक और ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे आगे वाला ऑटो डंपर से जा भिड़ा। हादसे में ऑटो सवार ड्राइवर के भाई मोहम्मद अमन (22) पुत्र रईस अहमद, छोटा लालापुर की मंजू देवी (40) पतनी श्याम लाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि कस्बा चायल अजमतगंज निवासी श्रीराम, सीताराम, ऑटो चालक अरशद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।



# अभियुक्त को सम्मन कोर्ट की असाधारण शक्ति, अदालतें सावधानी करें इस्तेमाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** यह आदेश न्यायमूर्ति आर एमएन मिश्र ने रेहान, फैजान,सर्फू, सलाउद्दीन व हिलाल की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस मिश्र व सीके मिश्र ने बहस की। मालूम हो कि शिकायतकर्ता हत्या के चश्मदीद गवाह ने 17 जुलाई 17 को नामजद एफआईआर दर्ज कराई । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी अभियुक्त को ट्रायल के लिए सम्मन करने की शक्ति कोर्ट की असाधारण शक्ति है। इसका इस्तेमाल सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा -319 में किसी अभियुक्त को सम्मन करना कोर्ट की विवेकाधीन शक्ति है। इसे मैकेनिकल तौर पर पारित नहीं किया जा सकता। बहुत जरूरी होने पर साक्ष्य की उपलब्धता पर ही किसी को अन्य अभियुक्तों के साथ विचारण के लिए सम्मन किया जाना चाहिए। इसी के साथ कोर्ट ने मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र में 16 फरवरी 2017 को जहांगीर की गोली मारकर हुई हत्या के आरोपियों के साथ ट्रायल के लिए याचियों को जारी सम्मन के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका आंशिक रूप से स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने तीन याचियों फैजान, सलाउद्दीन व हिलाल के खिलाफ जारी सम्मन रद कर दिया है, किंतु रेहान और सर्फू के खिलाफ जारी सम्मन पर हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आर एमएन मिश्र ने रेहान, फैजान,सर्फू, सलाउद्दीन व हिलाल की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस मिश्र व सीके मिश्र ने बहस की। मालूम हो कि शिकायतकर्ता हत्या के चश्मदीद गवाह ने 17 जुलाई 17 को नामजद एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस विवेचना में सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल लोकेशन से भाड़े के अपराधियों द्वारा हत्या का खुलासा हुआ और दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दायर की गई। एफआईआर का कथन सही नहीं पाया गया। ट्रायल के दौरान दाखिल धारा -319 की अर्जी पर कोर्ट ने एफआईआर के कथन व गवाहों के बयान के आधार पर याची नामजद अभियुक्तों को साथ में ट्रायल के लिए सम्मन किया। चश्मदीद बयान में कहा गया है कि बिजली की रोशनी में फायर करते नामजद अभियुक्तों को देखा है। जिसकी वैधता को चुनौती दी गई थी। याची अधिवक्ता ने कई नजीरें पेश की और कहा कि बिना साक्ष्य के कोर्ट मैकेनिकल तरीके से किसी को सम्मन जारी नहीं कर सकती। याचीगण मृतक के नजदीकी संबंधी हैं। अभियोजन की ओर से अन्य चश्मदीद गवाहों का ट्रायल में परीक्षण नहीं कराया गया। एक मात्र चश्मदीद के बयान को साक्ष्यों का समर्थन नहीं है। इसलिए वह विश्वसनीय साक्ष्य नहीं है जिसके आधार पर सम्मन जारी किया जा सके।



# कर्तव्य पथ से लौटने पर नृत्यांगना सपना और उनकी टीम का किया गया जोरदार स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** कोबरा आर्मी प्री-प्राइमरी स्कूल न्यू कैंट की नृत्य शिक्षिका सपना ने कर्तव्य पथ पर नारी सशक्तिकरण थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत दी। इसमें उनके साथ सहयोगी कलाकार के तौर पर दिव्यांशी साहू, शगुन सिंह, अराधना यादव, गुनगुन बाजपेई, अनुष्का, आयुषी यादव, सृष्टि, निकिता यादव, नानू शेरपा, तनीषा जायसवाल और प्रेरणा भी शामिल रहीं। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के समारोह में अपनी प्रस्तुति देकर लौटी नृत्यांगन सपना द्विवेदी और उनकी टीम का प्रयागराज जंक्शन पर जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया। ढोल और तासे पर लोग जमकर थिरके और सपना द्विवेदी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। नृत्यांगना सपना द्विवेदी ने गणतंत्र दिवस परेड के बाद अपनी 11 सदस्यीय टीम के साथ 'नारी शक्ति' की थीम पर लोक गीत कजरी के भावों पर प्रस्तुति दी थी। जिसे खूब सराहा गया था। यूपी की ओर से प्रतिनिधित्व के लिए एनसीजेडसीसी की ओर से चयनित किए जाने पर उनकी टीम काफी उत्साहित है। कोबरा आर्मी प्री- प्राइमरी स्कूल न्यू कैंट की नृत्य शिक्षिका सपना ने कर्तव्य पथ पर नारी सशक्तिकरण थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत दी। इसमें उनके साथ सहयोगी कलाकार के तौर पर दिव्यांशी साहू, शगुन सिंह, अराधना यादव, गुनगुन बाजपेई, अनुष्का, आयुषी यादव, सृष्टि, निकिता यादव, नानू शेरपा, तनीषा जायसवाल और प्रेरणा भी शामिल रहीं। इनके दल ने पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया। सपना और उनकी टीम की नृत्यांगनाएं पिछले एक महीने से नई दिल्ली में चुनिंदा प्रशिक्षिकों की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही हैं।



# दी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज के पदाधिकारीयो का पदग्रहण समारोह संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** दिनांक 28 जनवरी 2024 को चंद्रशेखर आजाद पार्क मे दी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया एवं सभी को पदभार पद भर दे कर उनके कार्य के प्रति उनको जागरूक किया गया । भाविनी वेलफेयर सोसाइटी की सेक्रेटरी पूनम सिंह जी को सभी पदाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । पूनम जी के द्वारा सभी को दी जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी का आई कार्ड वितरित किया गया , इस कार्यक्रम में सम्मिलित रही सर्वप्रथम श्वेता साहू , सन्हे लता सिंह, मनीषा सिंह, शालिनी दीक्षित, भवना जयसवाल एवं मीरा सिंह




# मेला क्षेत्र में मिलेगी १० रुपये की थाली, पांच रुपये में नाश्ता, रोज बदलेगा मेन्यू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**प्रयागराज ।** मेला प्राधिकरण ने पांच हजार श्रद्धालुओं की क्षमता का सामुदायिक किचन खोलने का निणय्र लिया है। कूड़ा-करकट फैलाने वालों पर दो सौ से लेकर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाने का भी प्रस्ताव बैठक में पास किया गया है। मेला क्षेत्र में पांच हजार श्रद्धालुओं की क्षमता वाले सामुदायिक किचन के साथ दो भोजन वितरण केंद्र की स्थापना की जाएगी। इस किचन से सस्ते दर पर पांच रुपये में नाश्ता और 10 रुपये में भोजन की थाली दी जाएगी। इसके अलावा मेला क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ दो सौ से लेकर एक हजार रुपये तक जुर्माना लगाने का भी प्रस्ताव लाया गया। यह निणय्र शनिवार को मेला प्राधिकरण बोर्ड की 16वीं बैठक में लिया गया। मंडलायुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में बोर्ड की बैठक शाम छह बजे शुरू हुई। इसमें स्वच्छ कुंभ कोष से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा निगम, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, कन्या सुमंगला योजना, सफाई कमिय्रों, नाविकों की बालिकाओं को शिक्षा प्रोत्साहन योजना और श्रम योगी मानधन योजना का लाभ माघ मेले में तैनात तीन हजार सफाई कमिय्रों और पंजीकृत नाविकों के परिवारों को दिलाने की जानकारी दी गई। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने इसमें गड़बड़ी रोकने के लिए ऐसे लाभाथिय्रों का समय रहते सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया। तरह सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट अधिनियम के तहत मेला क्षेत्र में कूड़ा- करकट, सेनेटरी वेस्ट की रोकथाम के लिए जुर्माना लगाने के प्रावधान पर भी सहमति बनी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम- 2016 के भाग दो, धारा तीन के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। इसके तहत बोर्ड ने कूड़ा कंटेनर न रखने वाले स्ट्रीट वेंडर्स और बिना लाइसेंस चलने वाली दुकानों पर 200 रुपये और अस्थाई कमशिय्रल दुकानों, होटल, मिष्ठान भंडारों पर गार्बेज कंटेनर का प्रयोग न किए जाने पर एक हजार रुपये फाइन लगाने का प्रावधान किया गया। इसके अलावा बेहतर साफ-सफाई रखने वालों को चिह्नित कर पुरस्कृत करने को भी कहा। इस मौके पर कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीएम नवनीत सिंह चहल,पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान उपस्थित थे।माघ मेला में आने वाले तीथय्राथिय्रों एवं पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष लाइटिंग की भी कायय्रोजना पर अमल के लिए चर्चा की गई। बताया गया कि मेला क्षेत्र में पोल पर स्पाइरल लाइटिंग एवं थेमेटिक लाइट लगाई जानी है। ब्यूरो इविवि के छात्र कुंभ के टूरिज्म पर करेंगे अध्ययन महाकुंभ -2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और आध्यात्मिक अनुभव के लिए टूरिज्म इंप्रूवमेंट इनीशिएटिव संबंधी अध्ययन इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के मोनीर्बा डिपार्टमेंट से कराने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन मिला। टूरिस्ट प्रोफाइलिंग, टूरिस्ट जर्नी मैपिंग के साथ ही टूरिस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर गैप के आकलन पर कार्य किया जाएगा। कुंभ की परियोजनाओं धीमी प्रगति पर अफसरों को नोटिस महाकुंभ- 2025 के तहत निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा में पीडीए, जल निगम और उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन के कार्यों की गति धीमी पाई गई।





# मूर्तियां मिलने पर मुस्लिम पक्ष का बयान- कोई बड़ी बात नहीं; अब मामले में पांच किरायेदारों की एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**काशी।** सर्वे में 55 मूर्तियां मिलीं हैं। ज्ञानवापी की दीवार सहित कई स्थानों पर 15 शिवलिंग और अलग-अलग काल के 93 सिक्के भी मिले हैं। घरेलू इस्तेमाल की 259 सामग्रियां मिली हैं।ज्ञानवापी से जुड़ी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण



(एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है। ज्ञानवापी परिसर की एएसआई रिपोर्ट पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता एखलाक अहमद का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि सर्वे रिपोर्ट में जो फिगर्स हैं, वे मलबे में मिले हैं तो कोई बड़ी बात नहीं है। हमारी एक बिल्डिंग में पांच किरायेदार थे। वे सभी मूर्तियां बनाते थे। जो मलबा होता था, उसे पीछे की तरफ फेंक देते थे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम को ज्ञानवापी के सर्वे में 55 मूर्तियां मिलीं हैं। ज्ञानवापी की दीवार सहित कई स्थानों पर 15 शिवलिंग और अलग-अलग काल के 93 सिक्के भी मिले हैं। पत्थर की मूर्तियों के साथ ही अलग-अलग धातु, टेराकोटा सहित घरेलू इस्तेमाल की 259 सामग्रियां मिली हैं। एक पत्थर ऐसा है, जिस पर राम लिखा है। जीपीआर सर्वे में मुख्य गुंबद के नीचे बेशकीमती पनननुमा टूटी कीमती धातु मिली है। इसे मुख्य शिवलिंग बताया जा रहा है। इस स्थान पर खनन और सर्वे की बात कही गई है। एएसआई की 176 सदस्यीय टीम ने ज्ञानवापी परिसर का जो सर्वे किया था, उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक हो चुकी है। रिपोर्ट में ज्ञानवापी को बड़ा हिंदू मंदिर बताया गया है। इसमें 32 अहम हिंदू स्थलों का जिक्र है। शिवलिंग के साथ नंदी, गणेश की मूर्तियां भी मिली हैं। विष्णु, कृष्ण और हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं के मिले विग्रह वैज्ञानिक पद्धति से हुए सर्वे में मंदिर के प्रमाण के साथ ही विष्णु, मकर, कृष्ण, हनुमान, द्वारपाल, नंदी, पुरुष और मनन्त तीर्थ सहित अन्य विग्रह मिले हैं। मुगल काल, अंग्रेजी हुकूमत सहित अन्य समय काल के चिह्न मिले हैं। शाह आलम और सिंधिया काल के सिक्के (एक और 25 पैसे) संरक्षित किए गए हैं। 93 सिक्के और टेराकोटा की मूर्तियां मिलीं एएसआई ने 93 सिक्के जुटाए हैं। इनमें विक्टोरिया महारानी, विक्टोरिया रानी, धीरम खलीफा, किंग चार्ज सहित अन्य काल के सिक्के शामिल हैं। एएसआई ने टेरोकोटा की 23 मूर्तियों, 2 स्लिंग बॉल, एक टाइल्स, एक डिस्क, देवी-देवताओं की दो मूर्तियां, 18 मानव की मूर्तियां, तीन जानवरों की मूर्ति को साक्ष्य के तौर पर जुटाया है।

# प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने सिंचाई विभाग द्वारा संचालित जलाशयों का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** बांधो से पानी के लीकेज को रोकने हेतु तत्काल करे व्यवस्था -जल शक्ति मंत्री शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने मेजा बांध में पानी स्रोत के बारे में जल शक्ति मंत्री को दी जानकारी ' प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, लघु सिंचाई नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल के साथ सिरसी, खजुरी एवं मेजा जलाशय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक छानबे रिंकी कोल, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन उपस्थित रही मंत्री अपर खजुरी डैम पहुँचे जहां डैम की क्षमता व निकले हुए नहरों व पानी के स्त्रोत की जानकारी ली गयी। उन्होने डैम में पानी नहीं होने के चलते डैम तक आने वाले नालों को साफ-सफाई कराने व सोन पम्प कैनाल से डैम को भरने का निर्देश दिये साथ ही गंगा नदी में लिफ्ट के द्वारा अपर खजुरी डैम को भरने हेतु प्रपोजल तैयार कर भेजनें का निर्देश दिया। तत्पश्चात सिरसी डैम पहुँचे जहां डैम की क्षमता एवं डैम से निकले नहरों के बारे में जानकारी लिया। मंत्री ने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य टेल के किसानों को पानी पहुंचाना व प्रदेश की सभी नदियों को जिंदा करना उन्होने अधिकारियों को चेतावनी दिया कि सिंचाई विभाग की जमीन को अधिग्रहित कर वृक्षारोपण कराया जाय, साथ ही बरसात के पहले मई तक सभी बरसाती नाले की सफाई हो जानी चाहिए जिससे बरसात का पानी सीधे नदी में पहुँचे। सिरसी डैम में मूर्ति विसर्जन से हुए गंदगी देख मंत्री ने नाराजगी जताते हुए मूर्ति विसर्जन हेतु अलग से तालाब खोदवाकर मूर्ति विसर्जन उक्त तालाब में कराने का निर्देश दिया। डैम के आस-पास मंत्री ने चारों तरफ पीपल, बरगद आदि के पेड़-पौधे लगाने का निर्देश दिया। उन्होने सिरसी नहर बंद होने के बावजूद नहर में लीकेज से बहते पानी को देख अपनी वाहन रोकवाकर निरीक्षण किया जहां उन्होंने पानी लीकेज होने पर मुख्य अभियंता शरद कुमार सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई कहा कि जून माह से पहले नहर के लीकेज दुरुस्त कराया जाय। उन्होने कहा कि किसी भी कीमत पर पानी बर्बाद नहीं होना चाहिए यह पानी रुका रहें तो इसका लाभ किसानों को मिल जाय। मंत्री ने मेजा (ददरी) डैम का निरीक्षण किया। मेजा बाँध पर पहुँचे कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने जलशक्ति मंत्री से बताया कि सिरसी व मेजाबाँध में बरसात के समय बकहर नदी के रास्ते पानी आता है। मंत्री ने बकहर नदी के रास्ते में पड़ने वाले नदी नाले को साफ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा कि जलाशय में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहे जिससे कि किसानों की सिंचाई में किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई करते हुए वहां से भी पानी लाने की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सुनिश्चित किया जाए की पानी की बर्बादी न होने पाए बाणसागर से मेजा जलाशय में पानी छोड़े जाने पर उसका भी सदुपयोग करें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता सिरसी, अधिशासी अभियंता मीरजापुर नहर प्रखंड, अधिशासी अभियंता चुनार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फर्जी वैकेंसी निकाली, रोजगार के नाम पर की धोखाधड़ी, सैकड़ों युवाओं ने थाने का किया घेराव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**काशी।** सव पीडितों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने ऑनलाइन सोलह सौ रूपये अपने खाते में डलवाए और सभी पीडि़तों से बारह हजार पांच सौ रुपए प्रतिमा देने के लिए कहा गया था। बताया कि जब जॉइनिंग लेटर की ऑनलाइन जांच की गई तो वह फर्जी निकाला। कृषि एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान में फर्जी तरीके से वैकेंसी निकल कर नौकरी दिलाने के मामले में पांच अभ्यर्थियों के तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले रविवार की सुबह सैकड़ो की संख्या में अभ्यर्थियों ने सरायलखंसी थाने के सामने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विरोध प्रदर्शन किया। करीब 15 मिनट के विरोध प्रदर्शन के बाद थाना प्रभारी द्वारा इस मामले में आला अधिकारियों को अवगत कराने के साथ इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। दर्ज मुकदमे के अनुसार सिद्धार्थ नगर जनपद के जोगिया थाना क्षेत्र के करहना गांव निवासी सरिता भारती पतनी विनोद कुमार,बहराईच जनपद के हर्दी थाना क्षेत्र के विनीत कुमार पुत्र ललित मिश्रा।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कैम्प का आयोजन कर स्कूली छात्र-छात्राओं को पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम सड़क सुरक्षा के बारे में करे जागरूक -मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर 27 जनवरी 2024- मुख्य



विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिस स्थल पर सड़क दुघर्टना अधिक हो रही है उन्हे चिन्हित कर कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि फरवरी माह में वृहद कैम्प लगाकर बड़े वाहन यथा ट्रक, ट्राली में रिफलेक्टर लगवाने हेतु उन्हे जागरूक करे ताकि सड़क दुर्घटनाओ से बचा जा सकें। उन्होने कहा कि जनपद में दस ऐसे स्थलो की सूची बनाये जहां अधिक आवागमन रहता है उन स्थलो पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाये व सड़क सुरक्षा नियमो का पालन न करने वाले वाहन चालको का चालान किया जाय। उन्होने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि वृहद कैम्प आयोजन कराते हुये 18 वर्ष से कम आयु के युवक युवतियो वाहन न चलाने हेतु जागरूक किया जाय तथा सड़क सुरक्षा नियमो के बारे में भी पेटिंग, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जानकारी दी जाय। उन्होने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुये जनपद में संचालित स्कूली वाहनो की सूचना कराना सुनिश्चित करे तथा कितने वाहनो का फिटनेस है कितने का नही है। उन्होने कहा कि जिन स्कूलो द्वारा फिटनेस नही कराया गया है उनकी सूची उपलब्ध कराते हुये कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि मोटीफाइड सैलेंसर व प्रेशर हार्न वाले वाहनो को पकड़कर कार्यवाही करे और आटो पार्ट दुकानो पर जिनके द्वारा मोटीफाइड सैलेंसर व प्रेशर हार्न बेचने वालो पर भी कड़ी कार्यवाही करें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी स्कूलो/ कालेजो में रोड शेफ्टी क्लब बनवाये, रोड शेफ्टी क्लब के माध्यम से ही 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओ को ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व के बारे में बताये और जिनका ड्राइविंग नही बना है बनवाना सुनिश्चित करें तथा एक अध्यापक को नोडल क्लब का नोडल अधिकारी नामित करते हये सूची उपलब्ध करायें। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अमर नाथ सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग देवपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# हैवी ब्लास्टिंग से स्थानीय लोगों में नाराज पुलिस ने समझा बूझकर मामला कराया शांत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जहां पूरा देश गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करने के कार्यक्रम में लगा हुआ था वहीं गिरी बाबा के खदान में धड़ल्ले से खनन का कार्य किया जा रहा है जिसे देख ऐसा लग रहा राष्ट्रीय पर्व इनके लिए महत्वपूर्ण नहीं है मामला प्रकाश में आते हैं क्षेत्र में हड़कंप बात करें तो जहा एक तरफ सूबे के मुखिया अवैध खनन को दिन रात एक कर अनेकों योजनाएं बना कर अवैध खनन पर रोक थाम हेतु प्रयासरत हैं वहीं संबंधित विभाग के कुछ लोगों के साथ मिलकर मानकों को ताख पर रख कर अवैध खनन कर सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं प्राप्त जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को पट्टा धारक सुरेश चंद्र गिरीं (गिरी बाबा) के ब्लास्टिंग होता है जिसके कारण आसपास क्षेत्र व बस्तीओ में स्थित मकान में ब्लास्टिंग का पत्थर उड़कर चला जाता है जिसको लेकर कई बार रहवासियों ने इसकी सूचना खनन कर्ताओं की दी गई है लेकिन बड़े खनन कर्ता के कारण वह मनमानी करते चले आ रहे हैं जहां शासन प्रशासन समेत खनन विभाग भी मौन है जहा महिला ने दिया बड़ा बयान, कहा खननकर्ता बोलते हैं कि सब की जिम्मेदारी लिए क्या हैं मर जाएं तो हम क्या करें! वहीं रहवासी गुडि़या ने बताया कि हम आंगन में काम कर रहे हैं उसी दौरान हैवी ब्लास्टिंग खननकर्ता द्वारा किया गया जिसका पत्थर उड़कर आंगन गिर गया हम बाल बाल बच गए। ब्लास्टिंग करने का कोई समय ही नहीं है कभी एक बजे,दो बजे तो कभी तीन बजे बिना सूचना के हीं








खदान में ब्लास्टिंग किया गया था जिसके उपरांत बस्ती में पत्थरों का बारिश हो गया जिससे क्षुब्ध होकर रहवासियों ने 26 जनवरी 2024 शुक्रवार को सुबह नौ बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित खदान के संपर्क मार्ग पत्थर रखकर जाम कर दिया और अवैध खनन बंद हो नारे लगाने लगे जो घंटों तक यह सिलसिला चलता रहा है जिसकी सूचना पाकर डाला पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। तब जाकर बाधित खदान के सम्पर्क मार्ग बहाल हुआ। उस समय खदान में मशीन के द्वारा लोडिंग का कार्य धड़ल्ले से चालू रहा है और पूरा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था जहा स्थानीय लोगो का कहना था कि पत्थर खदान में हैवी ब्लास्टिंग उड़ा देते हैं। चौबीस घंटों में तीन घंटा हर रोज भयानक भय से गुजरना पड़ता है।आसपास समेत एक किलोमीटर दूर तक हैबी ब्लास्टिंग अपना असर छोड़ता है जिसके कारण क्षेत्र में बने कीमती मकानो में दरार हो गया है जिसको लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने अनशन भी किया है फिर भी स्थानीय निवासी विवश हैं वहीं पत्थर खनन कर्ताओं का बल्ले बल्ले है। जहा उच्च शासन प्रशासन समेत कोई सुनने को तैयार नहीं। इस संबंध में ज्येष्ठ खान अधिकारी सोनभद्र में मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया है उनका फोन रिसीव नहीं हुआ व सर्वेयर योगेश शुक्ला का फोन बंद रहा है।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजीनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।





★C.O.P.A.
★Fitter
★Security Service
★Electric Technician
★Electrician
★Computer Application
★Repair of Refrigerator & A.C.
★Fire Safety & Industrial Security
★Computer Teacher Training
★Computer Hardware & Maintenance
★Welding Technology
★Certificate in YOGA

Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन
एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।

संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!

भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'





N.C.V.T. D.G.E.T से मान्यता प्राप्त
फिटर
आसान किस्तों में फीस जमा करने की सुविधा
COPA
छात्रवृत्ति की सुविधा
100% प्लेसमेंट की गारंटी
अप्रेन्टिशिप की सुविधा
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# इंग्लिश बल्लेबाजों का 'टेस्ट' लेंगे भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन से थर-थर कांपती है इंग्लैंड की टीम, गुरुवार से होगा पहला मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में इंग्लिश बल्लेबाजों के सामने भारतीय स्पिनरों से निपटना बड़ी चुनौती होगा। भारत में रैंक टर्नर का मुकाबला करने के लिए इंग्लैंड के लिए केवल अच्छी तैयारी ही पर्याप्त नहीं होगी, उसके बल्लेबाजों को घूमती गेंदों के साथ-साथ भारतीय स्पिनरों की उन गेंदों का सामना करने के लिए तैयार होना होगा, जो घूमेगी ही नहीं।हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में इंग्लिश बल्लेबाजों के सामने भारतीय स्पिनरों से निपटना बड़ी चुनौती होगा। भारत में रैंक टर्नर का मुकाबला करने के लिए इंग्लैंड के लिए केवल अच्छी तैयारी ही पर्याप्त नहीं होगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने दो घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।2021 में इंग्लिश बल्लेबाजों की इसी कमजोरी का भारतीय गेंदबाजों ने लाभ उठाया था। पहले टेस्ट में हार के बाद भारतीय थिंक टैंक ने पहला टेस्ट गंवाने के बाद अगले तीन मैचों में टर्निंग पिचें तैयार कराई थीं और परिणाम भारत के पक्ष में रहा। अब इस सीरीज में भी भारतीय टीम प्रबंधन स्पिन की मददगार पिचें तैयार करा सकता है।इंग्लैंड के विरुद्ध पिछली सीरीज में रविचंद्रन अश्विन ने चार मैचों में 28 विकेट लिए थे, जबकि रवींद्र



जडेजा की अनुपस्थिति में खेल रहे अक्षर पटेल ने तीन मैचों में 27 विकेट चटकाए थे। जहां अग्रेंज बल्लेबाज हर गेंद का टर्न होने का अनुमान लगाया था, अक्षर ने गेंद को स्टंप्स में सीधे फेंककर ज्यादातर विकेट चटकाए थे। उन्होंने 13 बल्लेबाजों को बोल्ड या एलबीडब्ल्यू आउट किया था।इन पिचों पर कम उछाल भी इंग्लिश बल्लेबाजों के लिए सिरदर्द बन गया था और उनके पास इन गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि शुरुआती मैच में जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मदद मिलेगी। टेस्ट मैच से दो दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी खास कर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आस-पास।मैंने जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है। पिच से स्पिनरों को टर्न मिलेगा। कितनी जल्दी और कितनी तेजी इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता हूं। खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगी।इस बीच, हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया, हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है।भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह् को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने दो घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

# शोएब मलिक से नाता तोड़ने के बाद रुठी सानिया मिर्जा की किस्मत तीन बार दोहराई एक ही गलती नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**किसी को चौंकाने वाले शोएब मलिक ने अब क्रिकेट के मैदान पर सभी को हैरान कर दिए है। शोएब ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास में वो शर्मनाक कारनामा कर डाला है, जो आजतक कोई स्पिनर नहीं कर सका है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने गेंदबाजी करते हुए एक ही गलती को तीन बार दोहराया, जिसके चलते टी-20 क्रिकेट में उनके नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024 में गेंदबाजी करते हुए शोएब मलिक ने शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शोएब ने गेंदबाजी करते हुए एक या दो नहीं बल्कि तीन नो-बॉल फेंक डाली। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में शोएब मलिक एक ओवर में तीन नो-बॉल फेंकने वाले दुनिया के पहले स्पिन गेंदबाज बन गए हैं। शोएब ने हाल ही में सानिया मिर्जा को



तलाक देकर तीसरी बार निकाह किया है।दरअसल, बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024 में गेंदबाजी करते हुए शोएब मलिक ने शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शोएब ने गेंदबाजी करते हुए एक या दो नहीं, बल्कि तीन नो-बॉल फेंक डाली। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में शोएब मलिक एक ओवर में तीन नो-बॉल फेंकने वाले दुनिया के पहले स्पिन गेंदबाज बन गए हैं। शोएब से पहले यह शर्मनाक कारनामा किसी भी गेंदबाज ने नहीं किया है।बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024 में शोएब मलिक फोर्च्यून बरिसाल की ओर से खेल रहे हैं। खुलना टाइगर्स के खिलाफ खेलते हुए शोएब का प्रदर्शन गेंद से निराशाजनक रहा। शोएब को महज एक ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 18 रन खर्च किए। इसके साथ ही वह कोई विकेट भी नहीं चटका सके। बल्लेबाजी में शोएब ने 6 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फ 5 रन बनाए। फोर्च्यून बरिसाल की टीम को खुलना टाइगर्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना किया।शोएब मलिक हाल ही में काफी सुर्खियों में रहे थे। शोएब ने सानिया मिर्जा को अचानक तलाक देने के तुरंत बाद पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद के साथ निकाह कर लिया था। शोएब को अपने इस फैसले के लिए सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना झेलनी पड़ी थी।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत की बड़ी जीत, बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने बरपाया कहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत 'ए' ने बेहतरीन ऑलराउंड खेल के दम पर शनिवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में इंग्लैंड लायंस पर पारी और 16 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में इंग्लैंड लायंस को 321 रन पर आउट कर दिया भारत ए ने बेहतरीन ऑलराउंड खेल के दम पर शनिवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में इंग्लैंड लायंस पर पारी और 16 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारतीय बल्लेबाजों के बाद तेज गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड लायंस के बल्लेबाजों ने अपने घुटने टेक दिए। आखिरी मुकाबला 1 फरवरी से खेला जाएगा इंग्लैंड लायंस की टीम ने दिन की शुरुआत 8 विकेट पर 304 रन से की, लेकिन महज 5.2 ओवर के अंदर अर्शदीप सिंह (2/62) और यश दयाल (1/37) ने क्रमशः ओली रॉबिंसन (85) और टॉम लॉज (32) के विकेट झटक कर भारत 'ए' को जीत दिला दी अर्शदीप ने इंग्लैंड की पारी के 88वें ओवर में रॉबिंसन को विकेटकीपर उपेंद्र यादव के हाथों कैच करा दिया, जबकि लॉज ने बीते दिन के अपने 18 रन के स्कोर में और 14 रन जोड़े। दयाल की गेंद पर आकाशदीप ने उनका कैच पकड़ा। सरफराज खान को उनकी 161 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया सरफराज और देवदत्त पडिक्कल (105) की शतकों की मदद से भारत 'ए' ने पहली पारी में 489 रन बनाए थे।




# राशीफल




**मेष-:इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।**



**वृष-:इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के**




**मिथुन-:मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी**




**कर्क-:सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना**




**सिंह-:सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में**



**कन्या-:इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में**




**तुला-:नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों**




**वृश्चिक-:इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से**




**धनु-:नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।**




**मकर-:परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव**



**कुंभ-:मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर**



**मीन-:पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।**





# गेंदबाजी करते समय गिरे 'कुलदीप', हार्ट अटैक से हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट खेलने के दौरान बॉलिंग करते समय युवक गिर गया। आसपास खड़े साथी दौड़े और युवक को उठाया, लेकिन युवक के शरीर कुलदीप गेंद फेंकने के लिए दौड़ा तो जमीन पर गिर गया। दोस्तों ने उसे उठाया और हिलाया। उसके चेहरे पर भी पानी की छींटे मारी, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं हुई।



में कोई हलचल नहीं हुई। उन्होंने स्वजन को सूचना देते हुए युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था। आशंका जताई गई कि हृदय गति रुकने से मौत हुई है। शहर के मोहल्ला विवेक विहार निवासी सर्राफा व्यापारी सुखमाल वर्मा का पुत्र 26 वर्षीय कुलदीप वर्मा शनिवार सुबह आठ बजे अन्य युवकों के साथ शहर के माजरा रोड स्थित वीवी पीजी कॉलेज के मैदान पर क्रिकेट खेलने गया था। जैसे ही कुलदीप गेंद फेंकने के लिए दौड़ा तो जमीन पर गिर गया। वहीं, आशंका जताई गई कि हृदय गति रुकने से मौत हुई है। शहर के मोहल्ला विवेक विहार निवासी सर्राफा व्यापारी सुखमाल वर्मा का पुत्र 26 वर्षीय कुलदीप वर्मा शनिवार सुबह आठ बजे अन्य युवकों के साथ शहर के माजरा रोड स्थित वीवी पीजी कॉलेज के मैदान पर क्रिकेट खेलने गया था। जैसे ही इसके बाद दोस्तों ने स्वजन को सूचना दी और युवक को गंगा अमृत अस्पताल में लेकर पहुंच गए, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों का मानना है कि युवक की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। वहीं, मृतक युवक तीन बहनों का इकलौता भाई था। तीन साल पहले उसकी शादी हुई थी। युवक की 13 महीने की बेटी भी है। स्वजन ने गमगीन माहौल में बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक के साथियों ने बताया कि वह करीब साढ़े आठ बजे मैदान पर पहुंच गए थे। करीब नौ बजे मैच शुरू हो गया था। कुलदीप की टीम की पहले गेंदबाजी आई थी। वह पहला ओवर कर रहा था। दो गेंद सही से फेंक चुका था, लेकिन जैसे ही तीसरी गेंद फेंकने के लिए दौड़ा तो क्रीज से कुछ दूर पर ही गिर गया। आसपास के खिलड़ी पहुंचे तो वह अचेत था। तभी उसे गंगा अमृत अस्पताल ले गए थे।

# मिचेल स्टार्क ने घातक यॉर्कर से तोड़ा कैरेबियाई बल्लेबाज का अंगूठा, दर्द से तड़पता दिखाई दिया बैटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क की गिनती दुनिया के सबसे घातक तेज गेंदबाजों में की जाती है। स्टार्क अपनी रफ्तार के दम पर दुनिया के बड़े से बड़े बल्लेबाज को घुटने टेकने पर मजबूर कर देते हैं। यूं तो कंगारू बॉलर के हाथ से निकलने वाली हर गेंद वाले शमर जोसेफ मिचेल स्टार्क की घातक यॉर्कर से घायल हो गए। शमर तीन रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे, जब स्टार्क की रफ्तार भरी यॉर्कर सीधे उनके पैर के अंगूठे पर आकर लगी। गेंद लगने के साथ ही जोसेफ बीच मैदान पर दर्द से तड़पते हुए दिखाई दिए और फिजियो को दौड़ लगाते



बल्लेबाज की अग्निपरीक्षा लेती है, पर स्टार्क की बेमिसाल यॉर्कर का जवाब बेहद कम बल्लेबाज ही दे पाते हैं। टेस्ट क्रिकेट डेब्यू में अपनी गेंदबाजी से सनसनी फैलाने वाले शमर जोसेफ मिचेल स्टार्क की घातक यॉर्कर से घायल हो गए। शमर तीन रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे जब स्टार्क की रफ्तार भरी यॉर्कर सीधे उनके पैर के अंगूठे पर आकर लगी। गेंद लगने के साथ ही जोसेफ बीच मैदान पर दर्द से तड़पते हुए दिखाई दिए और फिजियो को तुरंत मैदान पर आना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में स्टार्क ने अपनी इस यॉर्कर से कैरेबियाई बैटर का अंगूठा तोड़ डाला। स्टार्क की गेंद लगने के बाद बल्लेबाज बुरी तरह से दर्द से तड़पता हुआ दिखाई दिया। दरअसल, टेस्ट क्रिकेट डेब्यू में अपनी गेंदबाजी से सनसनी फैलाने हुए मैदान पर आना पड़ा। फिजियो के चेकअप के बाद भी जोसेफ बुरी तरह से दर्द से कराहते हुए नजर आए, जिसके बाद उनको मैदान से सहारा देकर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। बल्लेबाज को घायल करने के बाद स्टार्क भी जोसेफ का हाल पूछते हुए नजर आए। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज का बैटिंग ऑर्डर कंगारू गेंदबाजों के आगे ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। टेस्ट के तीसरे दिन कप्तान ब्रेथवेट महज 16 रन बनाकर कैमरून ग्रीन का शिकार बने। इसके बाद किर्क मैकेंजी और केवेम हॉज ने कुछ दमदार शॉट्स लगाए, लेकिन दोनों ही बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। मैकेंजी को 35 रन के स्कोर पर नाथन लायन ने चलता किया, तो हॉज 29 रन बनाकर रनआउट होकर पवेलियन लौटे।

# लॉरेन बेल के बाद इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट डब्लू पी एल 2024 से हटीं, सीआरबी ने इस खिलाड़ी को किया टीम में शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की तेज गेंदबाज के बाद कप्तान हीथर नाइट ने शनिवार, 27 जनवरी को आगामी महिला प्रीमियर लीग 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नाइट की जगह साउथ अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी नादिन डी क्लर्क को टीम में शामिल किया ह इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम मार्च-अप्रैल में व्हाइट बॉल की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करने वाली है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कथित तौर पर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कर्तव्यों और डब्ल्यूपीएल के बीच चयन करने के लिए कहा है। दिग्गज ऑलराउंडर नेंइ्थ् 2023 में बल्ले से खास प्रदर्शन नहीं कर सकीं थी लेकिन गेंद से प्रभावित किया था। दरअसल, इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम मार्च-अप्रैल में व्हाइट बॉल की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करने वाली है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कथित तौर पर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कर्तव्यों और डब्ल्यूपीएल के बीच चयन करने के लिए कहा है। दिग्गज ऑलराउंडर नेंइ्थ् 2023 में बल्ले से खास प्रदर्शन नहीं कर



सकीं थी, लेकिन गेंद से प्रभावित किया था। उन्होंने बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी के लिए सभी आठ पारियों में भाग लिया, जहां उन्होंने 140.62 की स्ट्राइक रेट से 135 रन बनाए और चार पारियों में 4 विकेट लिए वहीं, 24 वर्षीय पेस ऑलराउंडर नादिन पिछले महीने हुईं इ्थ् नीलामी में अनसोल्ड रही थीं। नादिन ने 2018 में साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू किया था। तब से वह अब तक 46 टी20घ् मैचों में हिस्सा ले चुकी हैं। फिलहाल वह ऑस्ट्रेलिया में चल रहे मल्टी-फॉर्म दौरे का भी हिस्सा हैं स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिसे पेरी, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, आशा शोभना, दिशा कसाट, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, जॉर्जिया वेयरहम, केट क्रॉस, एकता बिष्ट, शुभा सतीश, एस मेघना, सिमरन बहादुर, सोफी मोलिनेक्स, नादिन डी क्लर्क।

# मुंबई इंडियंस के लिए बड़ी खुशखबरी, टी20 वर्ल्ड कप से पहले फिट हुआ यह भारतीय ऑलराउंडर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के लिए खुशखबरी है। टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की एंकल की चोट ठीक हो गई है। उन्हें बॉलिंग की प्रैक्टिस करते हुए देखा गया। इसकी तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के लिए शनिवार को बड़ी खबर आई। कप्तान हार्दिक पांड्या चोट से उभरते हुए बॉलिंग करते हुए दिखाई दिए। वहीं इस खबर से भारतीय टीम को बड़ी राहत मिली है। जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हार्दिक पांड्या भारतीय टीम के लिए बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के लिए शनिवार को बड़ी खबर आई। कप्तान हार्दिक पांड्या चोट से उभरते हुए बॉलिंग करते हुए दिखाई दिए। वहीं, इस खबर से भारतीय टीम को बड़ी राहत मिली है। जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हार्दिक पांड्या भारतीय टीम के लिए बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसे खूब लाइक और शेयर किया जा रहा है। हार्दिक वीडियो में बात करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठयहां वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। ग्राउंड मेरे लिए किसी मंदिर के जैसे है। मैंने करीब 17 साल पहले यही से सब कुछ स्टार्ट किया था।ठ बता दें कि भारत में आयोजित वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान हार्दिक के टखने पर चोट लग गई थी। वह वर्ल्ड कप के बाकी मैचों से टीम से बाहर हो गए थे। सर्जरी के बाद वह एनसीए में रिहैब पर थे। यहां उन्होंने वापसी के लिए कड़ी मेहनत की। गौरतलब हो कि आईपीएल 2024 के लिए मुंबई इंडियंस ने रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बनाया है। हालांकि, फैंस इस खबर से नाराज भी हुए थे, लेकिन फ्रेंचाइजी ने अपना फैसला नहीं बदला। वहीं, इसी साल जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड से पहले हार्दिक का ठीक होना भारतीय टीम के लिए राहत भारी खबर है।



# सम्पादकीय

## जिसे अवसाद समझ रहे हैं वह बर्न आउट तो नहीं, लेकिन दोनों में है बड़ा फर्क


अमूमन बर्न-आउट को काम की अधिकता से जोड़ा जाता है, लेकिन हर मामले में ऐसा नहीं है।यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम्। असम्मूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते।। अर्थात् जो मुझको अजन्मा अर्थात् वास्तव में जन्मरहित, अनादि और लोकों के महान् ईश्वर तत्व से जानता है, वह मनुष्यों में ज्ञानवान् पुरुष संपूर्ण पापों से मुक्त हो जाता है। भीष्म पर्व, गीता 10/3 ( अर्जुन के प्रति साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण का गीतोपदेश )आप इतना थका हुआ महसूस कर रहे हैं कि फोन पर किसी से बात करना तो दूर फोन की घंटी बजते ही उसे उठाकर दीवार पर फेंकने को आतुर हैं। आपको न तो अपना घर पसंद आ रहा है और न ही साथ रहने वाले लोग। आपको नहीं पता कि थकान की यह लहर बर्न-आउट है या फिर किसी तरह का अवसाद। आप सही शब्द ढूंढने में नाकाम होकर अपने दोस्तों को बस यही कहते हैं कि मैं थक गया हूं।इंग्लैंड की केंट यूनिवर्सिटी



में मनोविज्ञान की प्रोफेसर और लेखिका एंजेला नील-बार्नेट कहती हैं, 'अमूमन बर्न-आउट को काम की अधिकता से जोड़ा जाता है, लेकिन हर मामले में ऐसा नहीं है।' वह कहती हैं, 'जब लोगों को ऐसा महसूस होता है कि दैनिक जीवन पर उनका नियंत्रण नहीं है, तो वे अपने कार्यों की छोटी-छोटी बातों में उलझ कर परेशान हो सकते हैं। ऐसे लोग अपनी नौकरी के प्रति भी अनमने दिखते हैं। जब लोगों को लगता है कि वे कुछ नहीं कर सकते, वे सहानुभूति खोजने लगते हैं और वह न्यूनतम काम करने लगते हैं, जो उन्हें नौकरी पर बनाए रखने के लिए जरूरी हो।'विश्व स्वास्थ्य संगठन भी बर्न-आउट को रोग न मानकर, काम से जुड़ी एक सामान्य घटना मानता है। लेकिन वह अवसाद को रोग मानता है, जिसमें लोग उन गतिविधियों का आनंद उठाने में असमर्थ हो जाते हैं, जिन्हें कभी वे काफी महत्व देते थे। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जेसी गोल्ड के अनुसार बर्न-आउट और अवसाद दोनों में आप कम या ज्यादा सो सकते हैं, लेकिन अवसाद की अंतिम परिणति इस विचार के साथ हो सकती है कि जीवन जीने लायक नहीं है, जबकि बर्न-आउट में ऐसा नहीं होता। अमेरिकी साइकिएट्रिक ऐसोसिएशन की डॉ रेबेका ब्रेंडल कहती हैं कि दोनों में मुख्य फर्क यह होता है कि जब आप काम से दूर होते हैं, तब बर्न-आउट खत्म होने लगता है, जबकि परिस्थितियां बदलने से अवसाद में कमी नहीं आती।अवसाद की वजहें आनुवंशिक हो सकती हैं या जीवन में किसी दर्दनाक घटना को सहने या फिर बड़े बदलाव से गुजरने वालों में अवसाद की समस्या हो सकती है। बर्न-आउट खुद भी अवसाद के लिए जमीन तैयार कर सकता है। डॉ गोल्ड के अनुसार, 'अवसाद हो या बर्न-आउट दोनों में फर्क जरूर है लेकिन किसी तरह का मूवमेंट दोनों स्थितियों में कारगर साबित हो सकता है। प्रकृति को निहारते हुए दस मिनट की वॉक (व्यायाम की तरह नहीं) से काफी फायदा मिल सकता है। कुछ समय के लिए खुद को मोबाइल स्क्रीन से दूर रखने के भी जादुई नतीजे होते हैं।'

## जिस 'टेस्ट ऑफ अर्थ' कुल्हड़ में फ्रांस के प्रेसिडेंट ने ली चाय की चुस्की, उसका इतिहास ५००० साल का

गुलाबी नगरी की चाय पीकर इमैनुएल मैक्रों अभिभूत दिखे और यह निश्चित है कि उनको भारतीय आतिथ्य सत्कार और कुल्हड़ की चाय पसंद आई।फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जब जयपुर के



प्रसिद्ध हवा महल के सामने चाय की थड़ी पर चुस्कियां लेते हुए मिट्टी के कुल्हड़ के विषय में अपनी जिज्ञासा जताई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तपाक से कहा, मोस्ट एनवायरमेंटल फ्रेंडली एंड टेस्ट ऑफ अर्थ।नरेंद्र मोदी की सॉफ्ट डिप्लोमेसी की बदौलत पिछले करीब एक दशक में कई राष्ट्राध्यक्ष भारत के अलग-अलग शहरों में रोड शो में शामिल हो चुके हैं। भारत की परंपरागत वस्तुओं का लुफ्त उठाते रहे हैं। फ्रेंच प्रेसिडेंट मैक्रों ने भी दुनिया में गुलाबी शहर के नाम से प्रसिद्ध जयपुर में कुछ इसी अंदाज में न केवल रोड शो किया, बल्कि उन्होंने दुकानों पर भारतीय परंपरागत चीजों की शॉपिंग भी की, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा टेस्ट ऑफ अर्थ यानी मिट्टी के कुल्हड़ की हो रही है।भारत और दक्षिण एशियाई हमारे कुछ पड़ोसी देशों में चाय की दुकानों पर कुल्हड़ देखा जा सकता है। भारत में खासकर उत्तर भारत में चाय मिट्टी के कुल्हड़ में देने का चलन रहा है। ग्रामीण भारत में ब्याह-शादी और अन्य समारोह में मिट्टी के कुल्हड़ में दूध-चाय-पानी दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में जरूर कागज और प्लास्टिक के कप ने मिट्टी के कुल्हड़ का स्थान लेने का असफल प्रयास किया, लेकिन कुल्हड़ दोबारा प्रचलन में आ गया है। इसका बहुत बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जाता है। मिट्टी के कुल्हड़ के प्रमाण 5000 साल पहले तक मिलते हैं। सिंधु घाटी सभ्यता की खुदाई में मिट्टी के बर्तन मिले हैं, जिनमें कुल्हड़ शामिल है, यानी भारत में कुल्हड़ का चलन सैकड़ों साल पुराना है। कुछ दशक पहले तक देश में कुम्हार ही मिट्टी के बर्तन और कुल्हड़ बनाया करते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों से मिट्टी के बर्तन और कुल्हड़ बनाने के कई स्टार्टअप शुरू हुए हैं। कई पढ़े-लिखे युवा भी मिट्टी के बर्तन बनाने के बिजनेस शुरू कर चुके हैं। मिट्टी के बर्तनों के कुछ बिजनेस ऐसे हैं, जिनका टर्नओवर सालाना करोड़ों रुपए का है।

# फलस्तीन का अतीत और वर्तमान, इस क्रूरतम संघर्ष के लिए अमेरिका, इंग्लैंड के साथ जर्मनी जिम्मेदार

1990 के दशक में लिखा गया लिंडा ग्रांट का उपन्यास वर्तमान इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष के बारे में बताता है कि यह अमेरिका, इंग्लैंड व जर्मनी की जिम्मेदारी है कि वे उसका समाधान ढूंढें, जिसे यहां तक पहुंचाने के जिम्मेदार भी वे खुद हैं।बंगलूरू में सेकेंड हैंड किताबों की दुकानों से गुजरते हुए मेरी नजर व्हेन आई लिव्ड इन मॉडर्न टाइम्स नाम के एक उपन्यास पर पड़ी। इसकी लेखिका लिंडा ग्रांट थीं, जिनका नाम मैंने पहले नहीं सुना था। लेकिन इसके शीर्षक ने मुझे आकर्षित किया, जिससे यह पता चलता था कि फलस्तीन की पृष्ठभूमि में यह उपन्यास इस्राइल के गठन से कुछ समय पहले ही लिखा गया था, जब उस क्षेत्र पर ब्रिटिशों का नियंत्रण था। यह तथ्य मेरे लिए इस उपन्यास को खरीदने के लिए काफी था। चूंकि फलस्तीन में जारी संघर्ष अभी सुर्खियों में है, लिहाजा मुझे लगा कि इससे मिलती-जुलती पृष्ठभूमि का काल्पनिक चित्रांकन राह दिखाने वाला हो सकता है। मैं निराश नहीं हुआ।इस उपन्यास की केंद्रीय पात्र बीस साल की एक यहूदी युवती इवलिन सर्ट है, जो ब्रिटेन में पली-बढ़ी, लेकिन दूसरे विश्वयुद्ध के तुरंत बाद वह यह देखने के लिए फलस्तीन चली गई कि वहां बनने जा रहे नए यहूदी राष्ट्र के लिए वह क्या कर सकती है। वह रास्ते में एक किबुत्ज में ठहरती है, जिसका मालिक समाजवादी विचारों वाला एक रूसी यहूदी है और जिसका आसपास के क्षेत्रों में बड़ा भारी प्रभाव है। किबुत्ज के इस कट्टरवादी नेता का उन स्थानीय फलस्तीनियों के प्रति रवैया अच्छा नहीं था, जो उसके आने के बहुत पहले से यहां रह रहे थे। वह इवलिन से कह रहे थे, 'अगर अंग्रेज चले गए, और हमारा उदार शासन शुरू हुआ, तो हमारे कुछ विचार उन्हें बदल देंगे। निश्चित रूप से इस विशाल रेगिस्तान में हमारे आसपास उन्हें कोई अच्छी जगह मिल जाएगी।...हम उन्हें उनकी जमीन के पैसे देंगे। हम उनके साथ धोखा नहीं करेंगे ...हम भविष्य में विश्वास करते हैं।'इसे पढ़ते हुए मुझे यहूदी विचारक मार्टिन बुबेर की याद आई, जिन्होंने वर्ष 1938 में महात्मा गांधी को लिखी अपनी चिट्ठी में लगभग इसी से मिलती-जुलती बातें कही थीं। हालांकि कट्टर यहूदियों के विपरीत बुबेर अरबों और यहुदियों में मेल-जोल में यकीन रखते थे, लेकिन उनका भी मानना था कि यहूदी अरबों को शिक्षित करने का काम करेंगे। खेती करने के अरबों के प्राचीन तरीकों को देखते हुए बुबेर का दावा था कि अरबों को और उनके तौर-तरीकों को बदलने के लिए यहूदी जरूरी हैं। जैसा कि उनका कहना था, यहां की मिट्टी से पूछें कि 1,300 साल तक उसके लिए अरबों ने क्या किया, और हमने मात्र पचास साल में क्या कर डाला!मार्टिन बुबेर फलस्तीन के अरबों को कमतर नस्ल के रूप में देखते थे। गांधी जी को लिखी चिट्ठी में उन्होंने कहा था, 'यहां की मिट्टी हमें पहचानती है।...यहूदी किसानों ने अपने फलस्तीनी किसानों को सिखाना शुरू किया है कि खेती कैसे करते हैं। हम आगे भी इन फलस्तीनियों को सिखाने की इच्छा रखते हैं।'इवलिन किबुत्ज के ग्रामीण जीवन से ऊबकर आधुनिक शहर तेल अबीव में पहुंचती है। वहां यहूदियों की आबादी में वह एक अपार्टमेंट किराये पर लेती है और एक अत्याधुनिक महिला श्रीमती लिंज से दोस्ती गांठती है, जो बर्लिन की है। शहर में एक अतिवादी युवा यहूदी से उसकी निकटता बढ़ती है, जो एक सशस्त्र अतिवादी समूह इर्गुन का सदस्य है। इर्गुन के लोग किंग डेविड होटल पर बमबारी करते हैं, जिसमें ब्रिटिशों के साथ कुछ यहूदी भी मारे जाते हैं। उपन्यास के अंत में 70 साल की इवलिन द्वारा अपने जीवन का सिंहावलोकन होता है।फलस्तीन में एक साल बिताने के बाद इवलिन ब्रिटेन चली जाती है, जहां वह एक यहूदी संगीतकार से शादी करती है। दशकों बाद पति की मृत्यु के बाद वह तेल अबीव लौटती है, जहां वह जीवन के बाकी वक्त बिताने का फैसला करती है। उसकी पुरानी पड़ोसन श्रीमती लिंज जब वह फलस्तीनियों पर इस्राइल व उसकी सेना के वर्चस्ववादी रवैये के बारे में बताती हैं, तो इवलिन को बहुत बुरा लगता है कि आखिर एक यहूदी ऐसा कैसे कर सकता है।1990 के दशक में जब यह उपन्यास लिखा गया, तब ओस्लो समझौते की विफलता स्पष्ट हो चुकी थी और इसने लिंडा ग्रांट को 1940 के दशक में संघर्ष की उत्पत्ति का एक काल्पनिक वर्णन करने के लिए प्रेरित किया। लेकिन आज जबकि इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष अपने क्रूरतम मोड़ पर पहुंच चुका है, यह उपन्यास पढ़ना काफी मार्मिक और गंभीर अनुभव था। उपन्यास यहूदियों की अद्वितीय पीड़ा, यूरोप में बड़े पैमाने पर यहूदी-विरोधी भावना, हिटलर द्वारा अंजाम दिए गए नरसंहार और इस्राइल के निर्माण के बाद भी पश्चिम एशिया के देशों में यहूदियों के उत्पीड़न की याद दिलाता है। उपन्यास खत्म करने के बाद मैंने इंग्लैंड के साहित्य में लिंडा का स्थान खोजने के लिए गूगल पर उनका नाम खोजा। मुझे पिछले नवंबर को प्रकाशित उनका एक लेख मिला, जिसमें वह इंग्लैंड के लेखकों और अभिनेताओं को लेकर शिकायत करती हैं, जो आम फलस्तीनियों का समर्थन करते हुए इस्राइली नागरिकों की हत्या पर कुछ ठोस बोलने से बचते रहे। वह कहती हैं, 'इंग्लैंड के यहूदियों के पास ऐसी कोई राजनीतिक रणनीति नहीं है, जो इस्राइल के अति कट्टर दक्षिणपंथ और हमास के अस्तित्व के बीच के विरोधाभाष को दूर कर सके।'मेरे ख्याल से अगर इस संघर्ष का कोई समाधान है, तो इसका नेतृत्व यहूदी या अरब को नहीं, बल्कि उन देशों को करना चाहिए, जो सबसे पहले इन देशों के बीच समस्या का कारण बनें। ग्रांट के उपन्यास में एक ब्रिटिश अधिकारी कहता है, 'अरबों में हमेशा से नेतृत्व और संगठन की कमी रही है और यहूदियों ने इसका पूरा फायदा उठाया है। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि जमीन उन्हीं की है, जिस पर यहूदियों ने हस्तक्षेप किया है। ऐसे में, यहां पर यूरोपीय मौजूदगी फलस्तीनियों के राष्ट्रीय हित में हो सकती है।'उल्लेखनीय है कि 1917 की बालफोर घोषणा के जरिये यहूदियों के लिए फलस्तीन में एक देश बनाने का वादा करते हुए अंग्रेजों ने इस्राइल के गठन की प्रेरणा दी। यहूदियों के उत्पीड़न और फिर नरसंहार जर्मनी ने कहानी को आगे बढ़ाया। एक बार इस्राइल के बन जाने पर, खासकर 1967 के बाद फलस्तीनियों के अधिकारों के लगातार उल्लंघन को अमेरिका ने प्रोत्साहित किया।



# डार्क वेब यानी इंटरनेट की अंधेरी दुनिया के रहस्यों से भरा एक जंगल, जहां अवैध कारोबार की है भरमार


जिस टेक्नोलॉजी ने निजी संगठनों और सरकारों के हस्तक्षेप और लक्षित विज्ञापनों से यूजर्स की गोपनीयता की रक्षा की है, उसने ही आज डार्क वेब के रूप में इंटरनेट को अवैध हथियारों की तस्करी, नशीली दवाओं के कारोबार, पोर्नोग्राफी, हिंसा के घृणित रूप, बच्चों के यौन शोषण और दूसरे क्रूर अपराधों का घर बना दिया है।इंग्लैंड का एक शहर वेल्स। 21 साल की एलोइस पैरी अपनी यूनिवर्सिटी की सबसे मेधावी छात्राओं में थी, लेकिन ज्यादा वजन को लेकर दोस्त उसका मजाक उड़ाते थे। वजन जल्द कम करने के लिए उसने डार्क वेब से जो दवा खरीदी, वह उन तत्वों से बनी थी, जिनका इस्तेमाल पहले विश्वयुद्ध में विस्फोटक के रूप में होता था। यह इतनी खतरनाक दवा थी कि इसके सेवन के बाद एलोइस बच नहीं पाई। सिर्फ एक गोली ने वसा को जलाने के साथ उसका शरीर अंदर से पूरी तरह भून दिया था।अमेरिका के इलिनॉयस की एक नर्स। जिससे विवाह करना चाहती थी, वह शादीशुदा था। डार्क वेब पर हत्यारे उपलब्ध कराने वाली एक वेबसाइट से उसने अपने प्रेमी की पत्नी की हत्या के लिए 12 हजार डॉलर खर्च कर एक हत्यारा हायर किया। हालांकि वह पकड़ ली गई, फिलहाल जेल में है।13 साल के दो बच्चे ग्रांट सीवर और रयान एंसवर्थ अच्छे दोस्त थे, एक ही स्कूल में पढ़ते थे। डार्क वेब से खरीदे गए एक नशीले पदार्थ के सेवन से दोनों स्कूल में मृत पाए गए। दोनों के चेहरे जहर से नीले पड़ गए थे।ये कुछ उदाहरण हैं उन वारदातों के जो डार्क वेब की काली दुनिया में रोज हो रही हैं। लेकिन यह डार्क वेब है क्या?'डार्क वेब', इंटरनेट की दुनिया का वह क्षेत्र है, जहां पहुंचने के लिए खास सॉफ्टवेयरों की जरूरत पड़ती है। लेकिन एक बार यहां पहुंच गए, तो खुलती है रहस्यों की रियासत। वर्ल्ड वाइड वेब () की इस काली दुनिया में कई वेबसाइटें ऐसी होती हैं, जो खुद को ऐसे छिपाए रखती हैं कि दुनिया का कोई सर्च इंजन आपको उन तक पहुंचा नहीं सकता। अगर उन तक जाना है, तो आपको उनका एड्रेस मालूम होना जरूरी है। इस अंधेरी दुनिया में बाजार भी लगते हैं, जिन्हें 'डार्कनेट बाजार' कहते हैं, जिनमें ड्रग्स से लेकर खतरनाक हथियार तक बिकते हैं। यहां रुपया या डॉलर नहीं चलता, सारा भुगतान होता है क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में। हत्याओं के लिए डार्क वेब पर अलग बाजार सजता है, जहां यूजर किसी की हत्या के लिए भुगतान कर सकते हैं।अमेरिका के जिस पूर्व राष्ट्रपति का नाम आज सबकी जुबान पर और मीडिया में छाया रहता है, कथित तौर पर उसकी हत्या के लिए क्राउडफंडिंग के लिए भी एक साइट बनाई गई थी। हालांकि ऐसी वेबसाइटों से बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इनमें घोटालों की भी आशंका होती है। चूंकि डार्क वेब पूरी तरह से गुमनामी में काम करता है, यह उन लोगों को पसंद आता है, जो सरकारों और प्रवर्तन एजेंसियों से छिप कर काम करना चाहते हैं। सरकार के भीतर की खबरें लीक



करने वाले व्हिसल ब्लोअर्स, पत्रकारों से संवाद करने के लिए और आतंकवादी या अपराधी अपने लेनदेन को गुप्त रखने के लिए इसी डार्क वेब का इस्तेमाल करते हैं।कल्पना करें कि पूरा इंटरनेट एक बेहद विशाल और घना जंगल है। जंगल की शुरुआत से लेकर अंत तक जाने के लिए कई रास्ते हैं, जिन्हें आप गूगल, बिंग इत्यादि लोकप्रिय सर्च इंजन मानें। लेकिन इन रास्तों (गूगल) से अलग भी कई जगहें हो सकती हैं, जो पेड़ों से छिपी हों। लेकिन जब तक आपको यह न पता हो कि आप खोज क्या रहे हैं, तब तक इन रास्तों से अलग कुछ भी ढूंढ पाना नामुमकिन लगता है। डार्क वेब इसी तरह काम करता है। यह जंगल की तरह चीजों को छिपाने के साथ कार्यों और पहचान को भी छिपाता है।वेब तीन तरह से काम करता है, ओपन (सरफेस) वेब, डीप वेब और डार्क वेब। ओपन वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो सार्वजनिक रूप से दिखता है, जिसका दुनिया के ज्यादातर लोग गूगल, बिंग इत्यादि सर्च इंजनों द्वारा उपयोग करते हैं। डीपवेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो अमूमन लोगों की नजरों से छिपा रहता है और उन तक सामान्य सर्च इंजनों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है। हालांकि डीपवेब का एक बड़ा हिस्सा डेटाबेस से बना होता है, जिसे कुछ सुरक्षा उपायों के साथ ओपन वेब पर एक्सेस किया जा सकता है।मसलन, होटल बुकिंग, ऑनलाइन खरीदारी, बैंकिंग या मेडिकल रिकॉर्ड इत्यादि से जुड़ा डाटा, जिस तक केवल अधिकृत व्यक्ति ही पहुंच सकते हैं। तीसरा होता है डार्क वेब। सामान्य तौर पर जब कंप्यूटर या किसी डिवाइस के जरिये लोग ऑनलाइन होते हैं, तो उसका एक आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) एड्रेस होता है, जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि किसी सिस्टम से कौन-कौन सी वेबसाइट पर पहुंचा गया है। लेकिन डार्क वेब ऐसी जटिल प्रणालियां उपयोग में लाता है, जिससे यूजर का वास्तविक आईपी एड्रेस अज्ञात हो जाता है। डार्क वेब तक पहुंचने के लिए सामान्य सर्च इंजन नहीं, बल्कि कुछ समर्पित सॉफ्टवेयर होते हैं। इसमें सबसे लोकप्रिय सॉफ्टवेयर है टोर (द ओनियन राउटर)। रोज करीब 30 लाख टोर सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं।टोर सॉफ्टवेयर द्वारा भेजे गए संदेश सीधे अपने गंतव्य पर नहीं जाते, बल्कि इसके बजाय उन्हें नोड्स के जरिये रिले किया जाता है। संदेश प्याज के छिलके की तरह होता है, जो प्रत्येक नोड पर अपनी एक परत उतार देता है और फिर अगले नोड की तरफ बढ़ जाता है। प्रत्येक नोड अपने से पिछले और ठीक अगले की पहचान तो जानता है, लेकिन संदेश की शुरुआत कहां से हुई और यह कहां-कहां जाने वाला है, इसकी पूरी जानकारी किसी को भी नहीं होती।हालांकि जब लोग डार्क वेब के बारे में सोचते हैं, उनका ज्यादातर ध्यान दवाओं की ऑनलाइन काला बाजारी, चोरी किए गए डाटा के आदान-प्रदान या फिर दूसरी गैर-कानूनी गतिविधियों पर केंद्रित होता है। इसके बावजूद ऐसे बहुत से वैध कारण भी होते हैं कि लोग डार्क वेब का उपयोग करना चुनते हैं। खासकर राजनीति और व्यापार की दुनिया में कई आंकड़े ऐसे होते हैं, जिन्हें गोपनीय माना जाता है और जिनसे संबंधित संचार में डार्क वेब इस्तेमाल होता है।डार्क वेब पहली बार आधिकारिक तौर पर 2000 के दशक की शुरुआत में फ्रीनेट के निर्माण के साथ सामने आया, जिसे इयान क्लार्क ने सरकारी हस्तक्षेप और साइबर हमलों से यूजर्स को सुरक्षित रखने के लिए विकसित किया था। इसके बाद अमेरिका की नौसेना की अनुसंधान प्रयोगशाला ने द ओनियन राउटर (टोर) नामक परियोजना चलाई थी, जिसने इंटरनेट के समानांतर खुफिया जानकारियों के संचार की खुफिया व्यवस्था प्रदान की, खासकर उन विषयों में जो राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़े हों। लेकिन आज यह डार्क वेब तक पहुंचने का सबसे आसान रास्ता बन गया है, जो लोगों को उनके जरूरत की जानकारियों तक पहुंचने में मदद करता है। लेकिन ड्रग्स कारोबारियों, आतंकियों और अपराधियों तक इसकी पहुंच ने गंभीर खतरे भी पैदा किए हैं। भारत भी इससे बच नहीं पाया है। खुद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन कह चुके हैं कि हाईटेक क्राइम इंक्वॉयरी सेल को डार्क वेब पर टेलीग्राम चैनलों और दूसरी गतिविधियों के प्रमाण दिखे हैं, जिनमें बंदूकों और प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-फरोख्त का पूरा साम्राज्य फैला हुआ है।वैश्विक कंपनी नॉर्ड वीपीएन के अनुसार दुनिया भर में करीब 50 लाख प्रतिष्ठित इंटरनेट यूजर्स का डाटा बिकने के लिए सजा हुआ है, जिनमें से करीब छह लाख लोग भारत से हैं, जो भारत को दुनिया में डार्क वेब से सबसे ज्यादा प्रभावित देश बनाता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, जिस तकनीक ने निजी संगठनों और सरकारों की मनमानी और लक्षित विज्ञापनों से यूजर्स की गोपनीयता की रक्षा को संभव बनाया है, उसी ने आज डार्क वेब को अवैध हथियारों की तस्करी, नशीली दवाओं के कारोबार, पोर्नोग्राफी, हिंसा के घृणित रूप, बच्चों के यौन शोषण और दूसरे क्रूर अपराधों का घर बना दिया है।

# सूर्योदय से पहले आकाश क्यों होता है गुलाबी... संस्कृति के पन्ने करते हैं खुलासा

अरुण ने ज्यों ही उड़ान भरी, आकाश गुलाबी आभा से रंजित हो गया। उसका तेज देखकर सूर्यदेव ने उसे अपना सारथी बना लिया। सूर्यदेव के रथ के आगे बैठा सारथी अरुण, सूर्यदेव से पहले प्रकट हो जाता।महर्षि कश्यप की कई पत्नियां थीं। उनमें से दो प्रमुख थीं-कद्रू और विनता। विवाह के कुछ समय बाद कद्रू और विनता ने कश्यप से संतान-प्राप्ति की इच्छा व्यक्त की। कश्यप के पूछने पर कद्रू ने एक हजार पुत्रों की कामना की जबकि विनता बोली, 'मुझे केवल दो पुत्र चाहिए, जो यशस्वी हों।' महर्षि कश्यप ने तथास्तु कहकर दोनों को आशीर्वाद दिया। समय आने पर कद्रू ने एक हजार अंडे और विनता ने दो अंडे उत्पन्न किए। कद्रू के अंडों में से नियत समय पर काले सर्प निकले और धरती पर रेंगने लगे। परंतु विनता के दोनों अंडे जस के तस रहे। काफी प्रतीक्षा के बाद भी अंडों से बच्चे नहीं निकले। कद्रू के बच्चे बड़े हो गए किंतु विनता के अंडे यूं ही रखे रहे। विनता पहले तो चिंतित हुई फिर धीरे-धीरे उसके मन में कद्रू के प्रति ईर्ष्या पैदा हो गई।एक दिन विनता का धैर्य समाप्त हो गया। उसने एक अंडे को जबरदस्ती फोड़ दिया। उसके भीतर एक पक्षी



था। लेकिन वह पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुआ था। वह बाहर निकला तो उसकी त्वचा कच्ची और गुलाबी थी। उसके शरीर का केवल ऊपरी आधा भाग ही विकसित हो पाया था। विनता अपने अर्द्धविकसित पुत्र को देखकर रोने लगी। अंडे से निकल बच्चे ने अपनी अपूर्ण काया देखी तो उसे माता की अधीरता पर क्रोध आया। उसने विनता को शाप दिया : 'तुमने समय से पहले अंडा फोड़कर मेरा जीवन नष्ट कर दिया। मैं तुम्हें शाप देता हूं कि जिस कद्रू से तुम्हें ईर्ष्या है, तुम उसी की 500 वर्ष तक दासी बनकर रहोगी। दूसरे अंडे का ध्यान रखना क्योंकि उससे निकलने वाला तुम्हारा दूसरा पुत्र ही कद्रू की दासता से तुम्हें मुक्ति दिलाएगा।'यह कहकर विनता का पुत्र आकाश में उड़ गया। उसका नाम अरुण था। वह इतना तेजवान था कि उसने ज्यों ही उड़ान भरी, आकाश गुलाबी आभा से रंजित हो गया। उसका तेज देखकर सूर्यदेव भी प्रभावित हुए। उन्होंने अरुण को अपना सारथी बना लिया। सूर्यदेव का रथ जब निकलता तो रथ के आगे बैठा उनका सारथी अरुण, सूर्यदेव से पहले प्रकट हो जाता। इसीलिए सूर्योदय से पहले आकाश गुलाबी दिखता है और अरुण के नाम पर ही उस गुलाबी आभा को अरुणिमा कहते हैं।इस घटना के कुछ दिन बाद विनता और कद्रू में एक शर्त लगी और यह तय हुआ कि जो शर्त हारेगा, वह दूसरे का दास बनेगा। कद्रू, छल से शर्त जीत गई और विनता को 500 वर्ष के लिए कद्रू का दासत्व स्वीकार करना पड़ा। अरुण का शाप फलीभूत हो गया।विनता का दूसरा अंडा समय से फूटा और उसमें से एक विशाल पक्षी निकला। वह गरुड़ था।गरुड़ बड़ा हुआ तो उसे अपनी माता विनता के दासत्व का पता लगा। उसने कद्रू के सर्प-पुत्रों से विनता को मुक्त करने का आग्रह किया। दुष्ट सर्पों ने गरुड़ से कहा, 'यदि तुम देवलोक से अमृत लाकर हमें दे दो, तो हम तुम्हारी माता को मुक्त कर देंगे।'गरुड़, पर्वतों से विशालऔर देवताओं से अधिक सामर्थ्यवान था। वह अमृत लेने देवलोक पहुंच गया। देवताओं ने बहुत प्रयास किया, पर गरुड़ उन्हें परास्त करके अमृत का कलश ले गया। गरुड़ इतना निष्ठावान था कि अमृत पास होने के बावजूद उसके मन में अमृत को चखने की इच्छा उत्पन्न नहीं हुई। उसकी इस निष्ठा से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने गरुड़ को अपना वाहन बना लिया।अमृत-कलश लेकर गरुड़ कद्रू के सर्प-पुत्रों के पास पहुंचा और उसने कलश कुश घास पर रख दिया। अमृत-कलश को देखकर सर्प अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने विनता को कद्रू के दासत्व से मुक्त कर दिया। परंतु गरुड़ के लिए एक काम शेष था। सर्पों को अमृत-पान करने से रोकना था।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के खिलाफ मणिपुर का आदिवासी संगठन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के एक आदिवासी संगठन ने कहा कि वह भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र के फैसले का विरोध करेगा। मुक्त आवाजाही व्यवस्था सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी की यात्रा करने की अनुमति देती है। ऊथ्इ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आंदोलन व्यवस्था को रद्द करने के केंद्र के फैसले का विरोध करने का संकल्प लिया गया। दरअसल, घ्ऊथ्इ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने शनिवार को जिला मुख्यालय शहर में एक सार्वजनिक परामर्श आयोजित किया, जहां भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आंदोलन व्यवस्था को रद्द करने के केंद्र के फैसले का विरोध करने का संकल्प लिया गया। मुक्त आवाजाही व्यवस्था सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी की यात्रा करने की अनुमति देती है। चार भारतीय राज्य - अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम, म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। बयान में कहा गया है कि आईटीएलएफ ने 'कुकी ज़ो' लोगों के राजनीतिक भविष्य के लिए मिजोरम सरकार से संपर्क करने का भी फैसला किया है। मुताबिक, फरवरी 2021 में पड़ोसी देश में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के 31,000 से अधिक लोगों ने मिजोरम में शरण ली है। कई लोगों ने मणिपुर में भी शरण ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 जनवरी को गुवाहाटी में कहा कि सरकार भारत-म्यांमार सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को समाप्त कर देगी और इसे पूरी तरह से बाड़ लगा देगी, ताकि इसे बांग्लादेश के साथ देश की सीमा की तरह संरक्षित किया जा सके।

# एम्बिएंट'24 मेस फ्रैंकफर्ट जर्मनी में ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का हुआ उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** दिल्ली फ्रैंकफर्ट में शुरू हुआ एम्बिएंट, 2024 आने वाले 30 जनवरी 2024 को समाप्त होगा। इस एम्बिएंट फेयर, 2024 में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल बी.एस. मुबारक द्वारा किया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन दिलीप बैद; ईपीसीएच के हालिया पूर्व अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा; ईपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्य प्रिंस मलिक और राजेश के. जैन; राजेश रावत, अतिरिक्त. कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच और महाप्रबंधक विंस्टन परेरा की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने सूचित किया कि 26 जनवरी 2024 को मेसी फ्रैंकफर्ट में बड़ी संख्या में सदस्य निर्यातकों और आगंतुकों भी मौजूद रहे। फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल बी.एस. मुबारक ने अन्य अधिकारियों के साथ ईपीसीएच मंडप का दौरा किया और प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। इस दौरान वे एम्बिएंट'24 में भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों की विशाल विविधता के प्रदर्शन से बेहद प्रसनन्न दिखे। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि एंबिएंट जर्मनी में आयोजित सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मेलों में से एक है। यहां बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदार अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आते हैं और मेले में भारतीय निर्यातकों की भागीदारी से विदेशी बाजारों में देश के निर्यात बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि एम्बिएंट 2024 में प्रतिभागी लिविंग, डाइनिंग, गिविंग सेक्शन में उत्तम उपहार, सजावटी सामान, क्रिसमस सजावट, फैशन आभूषण, लकड़ी



के हस्तशिल्प आइटम, कपड़ा साज-सज्जा, चमड़े के उत्पाद, लैंप और प्रकाश व्यवस्था, चीनी मिट्टी की चीज़ें, धूप, बैग और बाथरूम एसेसरीज उत्पादों को तीन खंडों में प्रदर्शित कर रहे हैं। बैद ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि जर्मनी में भारतीय मिशन द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय है, क्योंकि यह हर साल हमारी भागीदारी को काफी सुविधाजनक बनाता है। राज कुमार मल्होत्रा, तत्काल पूर्व अध्यक्ष-ईपीसीएच ने कहा कि एम्बिएंट'24 में भारत की भागीदारी मेले की जीवंतता और विविधता को बढ़ाएगी और वैश्विक निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय गृह सज्जा, उपहार और उपभोक्ता उत्पाद उद्योग में मजबूत उद्यमिता से परिचित कराएगी और भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे।ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 में एम्बिएंट 2024 में भाग लेने वाले सबसे बड़े देशों में से भारत एक होगा। तीन मेले एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं यानी एम्बिएंट, क्रिसमस वर्ल्ड और क्रिएटिव वर्ल्ड। उन्होंने कहा कि मैसी फ्रैंकफर्ट के इन अंतरराष्ट्रीय मेलों में भारत की लगभग 600 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि मेले में 61 निर्यातकों के साथ परिषद की भागीदारी दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित कर रही है।ईपीसीएच दुनिया भर के विभिनन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम,जीवनशैली,कपड़ा, फर्नीचर और फैशन आभूषण और सहायक उपकरण के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जर्मनी में हस्तशिल्प निर्यात 1428.06 करोड़ रुपये (177.37 मिलियन डॉलर) रहा।एम्बिएंट'24 मेस फ्रैंकफर्ट जर्मनी में ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का हुआ उद्घाटन दिल्ली फ्रैंकफर्ट में शुरू हुआ एम्बिएंट, 2024 आने वाले 30 जनवरी 2024 को समाप्त होगा। इस एम्बिएंट फेयर, 2024 में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल बी.एस. मुबारक द्वारा किया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन दिलीप बैद; ईपीसीएच के हालिया पूर्व अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा; ईपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्य प्रिंस मलिक और राजेश के. जैन; राजेश रावत, अतिरिक्त. कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच और महाप्रबंधक विंस्टन परेरा की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने सूचित किया कि 26 जनवरी 2024 को मेसी फ्रैंकफर्ट में बड़ी संख्या में सदस्य निर्यातकों और आगंतुकों भी मौजूद रहे ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि एंबिएंट जर्मनी में आयोजित सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मेलों में से एक है। यहां बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदार अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आते हैं और मेले में भारतीय निर्यातकों की भागीदारी से विदेशी बाजारों में देश के निर्यात बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि एम्बिएंट 2024 में प्रतिभागी लिविंग, डाइनिंग, गिविंग सेक्शन में उत्तम उपहार, सजावटी सामान, क्रिसमस सजावट, फैशन आभूषण, लकड़ी के हस्तशिल्प आइटम, कपड़ा साज-सज्जा, चमड़े के उत्पाद, लैंप और प्रकाश व्यवस्था, चीनी मिट्टी की चीज़ें, धूप, बैग और बाथरूम एसेसरीज उत्पादों को तीन खंडों में प्रदर्शित कर रहे हैं। बैद ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि जर्मनी में भारतीय मिशन द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय है, क्योंकि यह हर साल हमारी भागीदारी को काफी सुविधाजनक बनाता है। राज कुमार मल्होत्रा, तत्काल पूर्व अध्यक्ष-ईपीसीएच ने कहा कि एम्बिएंट'24 में भारत की भागीदारी मेले की जीवंतता और विविधता को बढ़ाएगी और वैश्विक निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय गृह सज्जा, उपहार और उपभोक्ता उत्पाद उद्योग में मजबूत उद्यमिता से परिचित कराएगी और भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे।

# बॉर्डर पर पकड़ी गई 189 लीटर अवैध शराब, एक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बभनी।** गणतंत्र दिवस पर अंतरराज्यीय सीमा पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने 189 लीटर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए। अवैध शराब को बिना नंबर की बोलेरो में रखकर यूपी लाया जा रहा था। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया है। फरार दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।बभनी पुलिस सीओ प्रदीप सिंह चंदेल के नेतृत्व में आसनडीह से लगती छत्तीसगढ़ सीमा पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर की बोलेरो आती दिखी। पुलिस ने चालक को वाहन रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया। तलाशी में बोलेरो के अंदर से विभिनन्न कंपनियों के 244 बोतल में 189.48 लीटर शराब बरामद हुई। यह शराब सिर्फ मप्र में बिक्री के लिए अनुमन्य थी पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान पोखरा गांव के परसाटोला निवासी दीपक गुप्ता के रूप में हुई, जबकि उसके फरार साथी चैनपुर निवासी व एक अज्ञात के खिलाफ भी मामला पंजीकृत किया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन सीज कर दिया गया।




थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि वाहन चेकिंग के 244 बोतल शराब बरामद हुई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य दो की तलाश जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई सुनील कुमार, वीर बहादुर चौधरी, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, भरत यादव, प्रदीप कुमार, आशुतोष शुक्ला आदि शामिल रहे।

# सीढ़ी लगाकर घर में घुसे चोर, दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगाकर की चोरी

**(आधुनिक समाचार सेवा) मधुपुर।** सुकृत चौकी क्षेत्र के तकिया गांव में शुक्रवार की रात सीढ़ी लगाकर घर में घुसे चोरों ने नकदी-जेवरात समेत लाखों का सामान उड़ा दिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने पुलिस को सूचना दी। चौकी पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।तकिया निवासी इजहार अहमद का परिवार शनिवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरों में सो रहा था। परिजनों के मुताबिक रात में घर के बाहर सीढ़ी लगाकर चोर छत पर चढ़े और फिर आंगन में उतर आए। कमरों के बाहर से कुंडी लगाकर परिवार के सदस्यों को अंदर बंद कर दिया। इसके बाद चोरी की। आलमारी में रखे करीब डेढ़ लाख नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, तीन बैग, एक अटैची सहित अन्य सामान लेकर चोर फरार हो गए।सुबह नींद खुलने पर परिवार के सदस्यों ने कमरे से बाहर आने का प्रयास किया तो कुंडी लगा होने से अवाक रह गए। किसी प्रकार दरवाजा खुलने पर कमरों से बाहर आए तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना सुकृत चौकी पुलिस को दी गई। खोजबीन शुरू हुई तो टूटी हुई अटैची और बैग घर से कुछ दूर अरहर के खेत में मिला। सदर कोतवाली प्रभारी शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर छानबीन की जाएगी। जल्द ही चोरी का पर्दाफाश किया जाएगा।



# नमो सेवा केन्द्र द्वारा संकल्प 2024 विजन डाक्यूमेंट् विमोचन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा स्थित रॉयल हैबिटेट सेंटर में नमो सेवा केंद्र, गौतम बुद्ध नगर द्वारा आयोजित संकल्प 2024 विजन डॉक्यूमेंट विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम में गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दादरी, जेवर, खुर्जा, सिकंदराबाद एवं नोएडा से हजारों की संख्या में जनता जनार्दन ने भाग लिया।यह विजन डॉक्यूमेंट भाजपा प्रवक्ता द्वारा लोकसभा क्षेत्र में आने वाले गांवो के भ्रमण से ज्ञात हुई समस्याओं के समाधान के रूप में है. कार्यक्रम के शुरुवात में नुक्कड़ नाटक कर लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया और गोपाल कृष्ण अग्रवाल के जनकल्याणकार्यों के लिए किए संघर्षों के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूरे कार्यकाल की उपलब्धि बताते




हुए कहा मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया है. धारा 370 का निष्कासन, जी-20 की सफल अध्यक्षता, कोविड महामारी का कुशल प्रबंधन, आर्थिक सुधारों पर दृढ़ संकल्प, डिजिटल क्रांति का तीव्र गति से प्रसार, अयोध्या राम मंदिर निर्माण का ऐतिहासिक क्षण और महिला सशक्तीकरण की सफल पहल - ये कुछ ऐसे कदम हैं जो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा की मोदी जी के विषन के अनुरूप गौतमबुद्ध नगर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये यहाँ मज़बूत इच्छाशक्ति के साथ हम काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। गौतमबुद्ध की क्षमता को मुर्त रूप देने की बहुत आवश्यकता है ताकी यह उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि भारत के विकास को आगे बढ़ाये। उन्होंने बताया की इस संकल्प पत्र में वह मार्ग दर्शाया गया है। इस दृष्टि पत्र में युवाओं के लिए ओपन जिम, होमेबायर्स, आर डबलू ए की समस्या का निवारण, किसानों के मुआवज सहित क्षेत्र की समस्याओं का समाधान दिया गया है. उन्होंने गौतम बुद्ध नगर को सिलिकॉन वैली की तर्ज पर विकसित करने के के बारे में भी इस संकल्प पत्र में बताया. कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की संख्या में गौतम बुद्ध नगर वासियों ने संकल्प पत्र को समर्थन देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि का आवाहन समर्थन किया। गोपाल जी ने नमों एप और जन मन सर्वे के द्वारा सभी को अपनी बात शीर्ष नेतृत्व को पहुँचाने के लिए भी कहा।

# घर के पास मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ओबरा।** चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत अंतर्गत हरियरी टोला में घर से कुछ दूरी पर महिला का शव मिला है। उसके सिर पर चोट सड़क किनारे सूजवंती का शव पड़ा था। उसके सिर से खून निकल रहा था। चोट का निशान था। सूचना पर ग्रामीण और अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों



के निशान मिले है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।दक्षिणांचल में अवैध कटान का खेल अभी भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बेशकीमती पेड़ों की कटान लगातार की जा रही है। ऐसे में बेशकीमती पेड़ों की कटान का नया मामला गणतंत्र दिवस के दिन सामने आया। मुखबिर की सूचना पर मुर्धवा और हाथीनाला के बीच पिपरी वन क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र कुमार व हाथीनाला पुलिस की अगुवाई में टीम ने एक ट्रक को यूकेलिप्टस के साथ सागौन और महुआ के पेड़ की बेशकीमती लकडि़यों को ले जाते हुए रोका।पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अग्रिम कार्रवाई के लिए रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।हरियरी टोला निवासी बाबूलाल चेरो बाहर रहकर रोजगार करता है। घर पर पतने सूजवंती देवी (40) अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। शुक्रवार की सुबह घर से करीब 50 मीटर दूर के मुताबिक बृहस्पतिवार की देर शाम घर से लगभग चार सौ मीटर दूर स्थित एक दुकान पर सूजवंती को दो बार आते-जाते देखा गया था। इसके बाद अगले दिन उसका शव मिला है। सूजवंती के जेठ हरिकृष्ण ने बताया कि सिर पर चोट के निशान है। आशंका है कि हत्या की गई है। बताया कि बाबूलाल कानपुर में रहकर मजदूरी करता है। उसे सूचना दी गई है। उसके आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। उधर, एएसपी कालू सिंह, चोपन एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की सही जानकारी मिल सकेगी। महिला का शव घर से कुछ दूरी पर संदेहास्पद हाल में मिला है। पति बाहर रहता है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# 'सुप्रीम कोर्ट ने भारत के लोकतंत्र को किया मजबूत', हीरक जयंती समारोह में इश् मोदी ने सर्वोच्च न्यायालय की ताकत का किया जिक्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने (रविवार) सुप्रीम कोर्ट सभागार में डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर) लॉन्च किया। सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक केंद्रित सूचना और उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगी। आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूत करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की वाइब्रेंट डेमोक्रेसी को मजबूत किया है। सात दशकों से भी लंबी इस यात्रा में सुप्रीम कोर्ट



प्रौद्योगिकी पहल का शुभारंभ किया। इस समारोह में शिरकत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की वाइब्रेंट डेमोक्रेसी को मजबूत किया है। सात दशकों से भी लंबी इस यात्रा में सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्तिगत अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी पर कई महत्वपूर्ण निणन्य लिए। सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह (ॅींस्दह् व्रुंता र्णतींगदह) के दौरान प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल का शुभारंभ करते हुए कहा,ठसुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के ने व्यक्तिगत अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी पर कई महत्वपूर्ण निणन्य लिए। आज भारत की हर संस्था कार्यपालक हो या विधायकिया अगले 25 वर्षों को लक्ष्य लेकर काम कर रही है। भारत के आज की आर्थिक नीतियां भारत के कल के उज्जवल भारत का आधार बनेगी। पीएम मोदी ने आगे कहा, ठ.आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ रहा है। आज भारत के लिए हर अवसर का लाभ उठाना जरूरी है। भारत के नागरिक 'इज ऑफ जस्टिस' (नागरिकों तक न्यया की आसान पहुंच) के हकदार हैं।

# क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर ईरान ने तीन सैटेलाइट किए लॉन्च, सिमोर्ग रॉकेट का किया सफल उपयोग

**यरुशलम।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है।राज्य संचालित आईआरएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय के 2023 विश्वव्यापी खतरे के आकलन में कहा गया है कि उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का उपयोग परमाणु हथियार पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। विश्व शक्तियों के साथ परमाणु समझौते के टूटने के बाद ईरान अब हथियार-ग्रेड स्तर के करीब यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। पिछले दशक में, ईरान ने कई अल्पकालिक उपग्रहों को कक्षा में भेजा है और 2013 में एक बंदर को अंतरिक्ष में भेजा है। दिसंबर में, ईरान ने जानवरों को ले जाने में सक्षम एक कैप्सूल कक्षा में भेजा क्योंकि वह आने वाले वर्षों में मानव मिशन की तैयारी कर रहा है। ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का उपयोग परमाणु हथियार पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। ईरान आने वाले वर्षों में मानव मिशन की तैयारी में जुटा हुआ है।


# तुर्किये को मिलेंगे 40 नए एफ-16 विमान



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने तुकिन्ये को इ-16 लड़ाकू विमान बेचने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने तुकिन्ये को लड़ाकू विमान बेचने के लिए 23 अरब डॉलर के समझौते के बारे में ळए कांग्रेस को अधिसूचित किया है। अमेरिका ने तुकिन्ये को इ-16 लड़ाकू विमान बेचने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने तुकिन्ये को लड़ाकू विमान बेचने के लिए 23 अरब डॉलर के समझौते के बारे में ळए कांग्रेस को अधिसूचित किया है। इसके अलावा अमेरिका ने ग्रीस को 8.6 अरब डॉलर के एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा अमेरिका ने ग्रीस को 8.6 अरब डॉलर के एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को भी मंजूरी दी है। अमेरिकी विदेश विभाग की यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है, जब तुकिन्ये ने नाटो में स्वीडन के शामिल होने के लिए अपने अनुमोदन को वॉशिंगटन में जमा कराया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, तुकिन्ये को 40 एफ-16 लड़ाकू विमान मिलेंगे और उनके मौजूदा एफ-16 बेड़े में शामिल 79 जेट को अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा ग्रीस को 40 एफ-35 लाइटनिंग घ्घ् ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर और उससे संबंधित उपकरण मिलेंगे। के मुताबिक, तुकिन्ये लंबे समय से अपने इ-16 बेड़े को अपग्रेड करने की मांग कर रहा था। अक्टूबर 2021 में उन्होंने फाइटर जेट में अपग्रेड का भी अनुरोध किया था। हालांकि, ये फैसला स्वीडन को नाटो में शामिल होने की मंजूरी पर निर्भर था। तुकिन्ये की तरफ से स्वीडन को नाटो का सदस्य बनने की मंजूरी के बाद इस समझौते का एलान किया गया। अल जजीरा ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने फाइटर जेट बिक्री का समर्थन किया, लेकिन कई सांसदों ने तुकिन्ये के मानवाधिकार रिकॉर्ड के कारण आपत्ति व्यक्त की थी। यूएस कांग्रेस पर इस बिक्री पर आपत्ति जताने के लिए सिर्फ 15 दिन का समय है, जिसके बाद इस बिक्री को अंतिम माना जाएगा।



# लॉक हुआ नाम, न मुनव्वर, न अंकिता, नंबर १ की पोजिशन पर इस कंटेस्टेंट ने जमाया कब्जा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कंट्रोवर्सी से भरे शो 'बिग बॉस 17' का ग्रैंड फिनाले अब से थोड़ी ही देर में शुरू हो जाएगा। जिस पल का ऑडियंस को इंतजार है, वह अब से कुछ ही देर में शुरू हो जाएगा। फैंस अपने फेवरेट कंटेस्टेंट को जिताने के लिए जमकर वोट कर रहे हैं। इसके साथ ही सेलिब्रिटीज भी अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के पक्ष में वोट अपील की गुजारिश करते नजर आए हैं।सलमान खान अब से कुछ ही घंटे में इस सीजन के विनर की घोषणा करेंगे। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में फैंस को यह जानने का बेसब्री से इंतजार है कि इस बार की ट्रॉफी किस कंटेस्टेंट के नाम होगी। सभी फाइनलिस्ट में कांटे की टक्कर होते देखने को मिल रही है। फैंस अपने फेवरेट के लिए जमकर वोट कर रहे हैं।बिग बॉस 17 के वोटिंग ट्रेंड को लेकर लगातार अपडेट्स आ रही हैं। कभी अंकिता तो कभी अभिषेक के बीच कांटे की जंग होते देखने को मिल रही है। ऐसे में फैंस में भी कन्फ्यूजन है कि इस बार की ट्रॉफी कौन अपने नाम





करेगा। अब सामने आई जानकारी के अनुसार, वोट्स में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मुनव्वर फारुकी के हाथ से ट्रॉफी खिसकती नजर आ रही है।बता दें कि वोटिंग लाइन रविवार दोपहर 12 बजे तक ही ओपन रहीं। सामने आई जानकारी में बिग बॉस के एक फैन पेज की तरफ से बताया गया है कि अरुण माशेट्टी पांचवी पोजिशन पर हैं। उसने एक पायदान ऊपर हैं मनारा चोपड़ा। इसका मतलब है कि टॉप 3 में जंग अभिषेक, मुनव्वर और अंकिता के बीच है। सामने आई जानकारी के अनुसार, अभिषेक सबसे ज्यादा वोट्स से लीड कर रहे हैं। दूसरी पोजिशन पर मुनव्वर और तीसरी पर अंकिता लोखंडे हैं।इस अपडेट के साथ अभिषेक के फैंस में जहां खुशी है, वहीं मुनव्वर और अंकिता के फैंस को टेंशन। हालांकि, विनर का असली खुलासा तो आज रात 12 बजे होगा, जब सलमान इनमें से किसी एक के नाम की घोषणा करेंगे।

# फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में इन फिल्मों का रहा दबदबा, हैरेसमेंट पर छलका आयशा का दर्द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की शुरुआत हो चुकी है। शनिवार को टैक्निकल कैटेगरी के विनर्स का एलान कर दिया गया, जिसकी लिस्ट अब आ गई है। इसके अलावा बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट रह चुकीं आयशा खान ने एक इंटरव्यू में अपने मोलेस्ट होने की बात का खुलासा किया। यहां पढ़ें मनोरंजन जगत की पांच बड़ी खबरें। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2024 की शुरुआत हो चुकी है। बीते दिन टैक्निकल कैटेगरी के विनर्स का एलान किया गया जिसमें कई फिल्मों ने अवॉर्ड अपने नाम किए। वहीं दूसरी तरफ बिग बॉस कंटेस्टेंट आयशा खान ने एक इंटरव्यू में अपने मोलेस्ट होने की बात का खुलासा किया। यहां पढ़ें मनोरंजन जगत की पांच बड़ी खबरें।69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2024 की शुरुआत 27 जनवरी को जोरदार तरीके से हो गई है। बीते दिन शनिवार को इस शो की मेजबानी अभिनेता अपारशक्ति खुराना और करिश्मा तन्ना ने की थी। लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सिनेमैटोग्राफी, पटकथा, कॉस्ट्यूम्स और संपादन सहित टैक्निकल कैटेगरी के विनर्स की लिस्ट सामने आ गई है। टैक्निकल कैटेगरी में विक्की कौशल की 'सैम बहादुर' ने तीन अवॉर्ड जीते, वहीं शाहरुख खान की 'जवान' ने प्रमुख श्रेणी में अवॉर्ड जीता। यहां देखें टैक्निकल कैटेगरी के विनर्स की पूरी लिस्ट।इंडस्ट्री के हैंडसम एक्टर कार्तिक आर्यन अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कम ही बात करते हैं, लेकिन रिलेशन्स को लेकर कार्तिक का नाम किसी न किसी के साथ जुड़ता रहता है। इसके अलावा एक्टर प्रोफेशनल







लाइफ को लेकर भी लाइमलाइट में बने रहते हैं। कार्तिक एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कुछ और है।आज 28 जनवरी की शाम वह मोमेंट शुरू हो जाएगा, जिसका हर बिग बॉस लवर को इतने दिनों तक इंतजार रहा। शो के विनर की किस्मत का फैसला जनता के हाथ में है और आज की शाम सलमान खान इस सीजन के विनर का खुलासा करेंगे।सिने प्रेमियों के लिए साल 2024 की शुरुआत कुछ धमाकेदार फिल्मों के साथ हुई। मकर संक्रांति के मौके पर अलग-अलग जॉनर की एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें अधिकतर साउथ की फिल्में ही शामिल हैं।

# मैनेजमेंट ने बहुत समझाने की कोशिश की कालकाजी मंदिर में बी प्राक के भजन के टाइम गिरा स्टेज, सिंगर ने कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के स्टेज पर परफॉर्म करने के दौरान कई तरह के हादसे होने की खबरें सामने आई हैं। कभी-कभी यह हादसा इतना बड़ा होता है कि अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। सिंगर बी प्राक के कॉन्सर्ट में भी कुछ ऐसा ही हुआ। दिल्ली के कालकाजी मंदिर में उनके कार्यक्रम के दौरान अचानक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक महिला की जान जाने की खबर सामने आई

है। वहीं, बी प्राक ने इस पूरे इंसीडेंट पर बयान जारी किया है बॉलीवुड सेलिब्रिटीज अक्सर किसी न किसी फंक्शन के लिए परफॉर्म करते हैं। सिंगर बी प्राक हाल ही में दिल्ली के एक मंदिर में जागरण के दौरान भजन गा रहे थे। इस दौरान बड़ा हादसा हो गया। अचानक स्टेज गिरने से लोगों में अफरा तफरी मच हई। इस पूरे हादसे पर सिंगर ने स्टेटमेंट जारी किया है।कालकाजी मंदिर में जागरण के दौरान बी प्राक परफॉर्म कर रहे थे, तभी अचानक से स्टेज गिर गया। इस हादसे में 17 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। जबकि, एक महिला ने दम तोड़ दिया। ये हादसा तब हुआ, जब बी प्राक स्टेज पर ही थे। वहीं, इस पूरे हादसे पर सिंगर से स्टेटमेंट जारी किया है। उन्होंने वीडियो में इस हादसे को लेकर दुख जताते हुए घटना की जानकारी दी है। बी प्राक ने वीडियो में कहा ''मैं बहुत ही दुखी हूं। मेरा मन काफी दुखी है, क्योंकि पहली बार मैंने ऐसा देखा है अपने सामने होता हुए। कालकाजी मंदिर में जो कुछ भी हुआ वह दुख की बात है। जिन्हें भी चोट लगी है मैं उम्मीद करता हूं कि सब ठीक हों। सभी घायल लोग जल्दी ठीक हो जाएं।''उन्होंने आगे कहा, ''किसी कार्यक्रम का मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। हालांकि, मैनेजमेंट ने लोगों को बहुत समझाने की कोशिश की कि पीछे हो जाइये, लेकिन यह आप सबका मां के लिए प्यार है। मेरे लिए प्यार है। पर हमें आगे से बहुत ध्यान रखना होगा। जान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसलिए हमें इसका बहुत ध्यान रखना है। जब मां की इच्छा होगी मैं फिर से आऊंगा।बता दें कि सिंगर 1500 से ज्यादा लोगों की भीड़ बी प्राक के जागरण को सुनने के लिए पहुंची थी। स्टेज लकड़ी के पटरों और लोहे के खंभों से बनाया गया था। स्टेज पर काफी संख्या में लोग चढ़ गए थे, जिससे कि स्टेज टूट गया।

# इंडिया मे निक जोनस का शानदार स्वागतफैंस के लिए गाया 'तू मान मेरी जान तो पब्लिक ने चिल्लाया 'जीजू जीजू'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस इंडिया में हैं। शनिवार को वह मुंबई पहुंचे। उन्हें देखते ही एयरपोर्ट पर सेल्फी के लिए फैंस की लाइन लग गई। निक अपने भाईयों के साथ इंडिया आए हैं। यह पहली बार नहीं है जब वह इस देश आए हों, लेकिन ये पहली बार जरूर है कि इस बार वह इंडिया में परफॉर्म कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस इन दिनों इंडिया में हैं। वह पहली बार इंडिया में म्यूजिकल कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने के लिए यहां हैं। शनिवार को सिंगर ने फेमस सिंगर किंग के साथ परफॉर्म किया। दोनों की जुगलबंदी स्टेज पर छाई रही। इस दौरान निक ने फैंस के लिए तू मान मेरी जान गाया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मुंबई में लोलापालूजा कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें निक को परफॉर्म करना था। यहां सिंगर ने अपनी परफॉर्मेंस से धूम मचा दी। उनके साथ उनके भाईयों केविन और जो ने भी परफॉर्मेंस दी। म्यूजिक कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। इनमें निक का एक वीडियो काफी पॉपुलर हुआ है।वीडियो में देखा जा सकता है कि निक फेमस सिंगर किंग के साथ 'तू मान मेरी जान' सॉन्ग गा रहे




हैं। स्टेज पर दोनों की जुगलबंदी देखने लायक रही। वहीं, विदेशी सिंगर निक की आवाज में देसी गाना सुन फैंस भी एक्साइटेड हो गए। लोलापालूजा में निक जोनस की शानदार परफॉर्मेंस का ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।प्रियंका चोपड़ा के पति निक का इंडिया कॉन्सर्ट में शानदार स्वागत किया गया। न सिर्फ लोगों ने उनके साथ इस म्यूजिकल नाइट को एन्जॉय किया, बल्कि 'जीजू जीजू' कहकर उनका अपने देश में स्वागत किया। इस पर निक फैंस को 'आई लव यू सो मच' कहते हैं। सोशल मीडिया पर निक के कॉन्सर्ट और फैंस की उनके लिए दीवानगी का वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

# लॉक हुआ नाम, न मुनव्वर, न अंकिता, नंबर 1 की पोजिशन पर इस कंटेस्टेंट ने जमाया कब्जा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कंट्रोवर्सी से भरे शो 'बिग बॉस 17' का ग्रैंड फिनाले अब से थोड़ी ही देर में शुरू हो जाएगा। जिस पल का ऑडियंस को इंतजार है, वह अब से कुछ ही देर में शुरू हो जाएगा। फैंस अपने फेवरेट कंटेस्टेंट को जिताने के लिए जमकर वोट किए। इसके साथ ही सेलिब्रिटीज भी अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के पक्ष में वोट अपील की गुजारिश करते नजर आए।सलमान खान अब से कुछ ही घंटे में इस सीजन के विनर की घोषणा करेंगे। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में फैंस को यह जानने का बेसब्री से इंतजार है कि इस बार की ट्रॉफी किस कंटेस्टेंट के नाम होगी। सभी फाइनलिस्ट में कांटे की टक्कर होते देखने को मिल रही है। फैंस अपने फेवरेट के लिए जमकर वोट कर रहे हैंबिग बॉस 17 के वोटिंग ट्रेंड को लेकर लगातार अपडेट्स आ रही हैं। कभी अंकिता (हर्वू थ्र्द्वेह) तो कभी अभिषेक के बीच कांटे की जंग होते देखने को मिल रही है। ऐसे में फैंस में भी कन्फ्यूजन है कि इस बार की ट्रॉफी कौन अपने नाम करेगा। अब सामने आई जानकारी के अनुसार, वोट्स में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मुनव्वर फारुकी के हाथ से ट्रॉफी खिसकती नजर




आ रही है।बता दें कि वोटिंग लाइन रविवार दोपहर 12 बजे तक ही ओपन रहीं। सामने आई जानकरी में बिग बॉस के एक फैन पेज की तरफ से बताया गया है कि अरुण माशेट्टी (ल्ह ्शैपूब्) पांचवी पोजिशन पर हैं। उसने एक पायदान ऊपर हैं मनारा चोपड़ा । इसका मतलब है कि टॉप 3 में जंग अभिषेक, मुनव्वर और अंकिता के बीच है। सामने आई जानकारी के अनुसार, अभिषेक सबसे ज्यादा वोट्स से लीड कर रहे हैं। दूसरी पोजिशन पर मुनव्वर और तीसरी पर अंकिता लोखंडे हैं।इस अपडेट के साथ अभिषेक के फैंस में जहां खुशी है, वहीं मुनव्वर और अंकिता के फैंस को टेंशन। हालांकि, विनर का असली खुलासा तो आज रात 12 बजे होगा, जब सलमान इनमें से किसी एक के नाम की घोषणा करेंगे।

# धक्का दिया और फिर मेरे साथ 9 साल की उम्र में आयशा हुई थीं है रेसमेंट का शिकार, छलका दर्द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बिग बॉस 17 में बचे हुए पांच कंटेस्टेंट का सफर भी आज खत्म होने वाला है। बस कुछ ही घंटों में इस रियलिटी शो को इसका विनर मिल जाएगा। कुछ कंटेस्टेंट इसके फिनाले में परफॉर्मेंस भी देने वाले हैं। वहीं, बिग बॉस 17 में वाइल्ड कार्ड एंट्री लेने वालीं आयशा खान फिर सुर्खियों में आ गई हैं। बिग बॉस 17 फैंस का पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। आज यह शो खत्म होने वाला है। इस शो की कंटेस्टेंट आयशा खान काफी चर्चा में रहीं। फिर चाहें वो मुनव्वर फारुकी की वजह से हो या अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है जिसमें वह मोलेस्ट होने की बात का खुलासा कर रही हैं।आयशा खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल





हो रहा है, जिसमें वह सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए 9 साल की उम्र में खुद के मोलेस्ट होने की बात का खुलासा करते हुए नजर आ रही हैं।आयशा खान ने बिग बॉस के घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। इसके बाद वह मुनव्वर को लेकर भी घर के अंदर और बाहर सुर्खियों में रहीं। बिग बॉस के घर में उन्होंने अपने मोलेस्ट होने की बात का जिक्र किया था। अब आयशा ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ उनके यूट्यूब पर दिए इंटरव्यू में इसे लेकर खुलकर बात की है।आयशा ने इंटरव्यू में बताया, 'किसी ने आवाज दी मैं पलटी, मैंने कहा हां अंकल बोलिए उन्होंने कहा इधर आओ। फिर पूछा कि आपको मालूम है ये पता कहां है। तो मैंने कहा हां मुझे पता है ये यही वाली बिल्डिंग है। उन्होंने कहा बेटा आप मुझे लेकर चलोगे। मैंने कहा हां ठीक है चलिए'।आयशा खान ने बिग बॉस के घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। इसके बाद वह मुनव्वर को लेकर भी घर के अंदर और बाहर सुर्खियों में रहीं। बिग बॉस के घर में उन्होंने अपने मोलेस्ट होने की बात का जिक्र किया था। अब आयशा ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ उनके यूट्यूब पर दिए इंटरव्यू में इसे लेकर खुलकर बात की है।आयशा ने इंटरव्यू में बताया, 'किसी ने आवाज दी मैं पलटी, मैंने कहा हां अंकल बोलिए उन्होंने कहा इधर आओ। फिर पूछा कि आपको मालूम है ये पता कहां है। तो मैंने कहा हां मुझे पता है ये यही वाली बिल्डिंग है। उन्होंने कहा बेटा आप मुझे लेकर चलोगे। मैंने कहा हां ठीक है चलिए'।आयशा ने आगे बताया, 'मैं बार-बार यही बोल रही थी कि मेरी मम्मी खड़ी है प्लीज अंकल मुझे जाने दो, लेकिन उन्होंने नहीं छोड़ा। फिर अचानक भगवान की दया से उनके दिमाग में क्या आया, उन्होंने मुझे कहा कि तुम यहीं पर खड़ी रहना मैं बस दस मिनट में आया। इसे बाद वो जैसे ही वहां से बाहर जाते हुए दिखे मुझे लगा कि बस आयशा भागो वहां से'। आयशा की ये कहानी को सुनकर होस्ट सिद्धार्थ के भी आंखों में आंसू आ गए।

# कुछ घंटों बाद विनर का एलान, जानें- कब और कहां देखें 'बिग बॉस 17' का लाइव टेलीकास्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की शुरुआत





पिछले साल 15 अक्टूबर को हुई थी। नया घर, यूनिक थीम और अलग-अलग प्रोफेशन के कंटेस्टेंट्स ने बिग बॉस के घर में खूब लाइमलाइट बटोरी। तीन महीने बीत गए हैं और ग्रैंड फिनाले में चंद घंटे बचे हैं। रविवार की शाम भव्य ग्रैंड फिनाले में सलमान खान सीजन के विनर का एलान करेंगे। तीन महीने बाद बिग बॉस सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले हो रहा है। 21 कंटेस्टेंट्स में से टॉप 5 फाइनलिस्ट फिनाले की रेस में है। हर किसी की कल ट्रॉफी पर नजर है। इस सीजन का विजेता कौन बनेगा इसका ऐलान रविवार को किया जाएगा। शो की लाइव टेलीकास्ट से प्राइज मनी तक जानिए शो से जुड़ी हर डिटेल्स।'बिग बॉस 17' का ग्रैंड फिनाले आज शाम कहां, कितने बजे, कितने कंटेस्टेंट्स, वोटिंग लिस्ट और प्राइज मनी तक, सारी डिटेल्स इस आर्टिकल में बताने जा रहे हैं। बिग बॉस 17' का ग्रैंड फिनाले 28 जनवरी 2024 को टेलीकास्ट होगा। इस बार ग्रैंड फिनाले एक-दो नहीं बल्कि 6 घंटा लंबा चलेगा। फिनाले शाम 6 बजे से ही कलर्स चैनल पर शुरू हो जाएगा। आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर भी बिग बॉस का लाइव टेलीकास्ट देख सकते हैं।16 कंटेस्टेंट्स को पछाड़कर टॉप 5 ने 'बिग बॉस 17' के फिनाले की रेस में अपनी जगह बनाई। इनमें अंकिता लोखंडे , मुनव्वर फारूकी मनारा चोपड़ा अभिषेक कुमार और अरुण माशेट्टा शामिल हैं। 'बिग बॉस 17' के विनर का एलान रविवार को किया जाएगा। सोशल मीडिया पर विनर को लेकर चर्चा तेज है। किसके सिर ताज सजेगा, ये तो कुछ घंटों बाद पता चलेगा। फिलहाल वोटिंग ट्रेंड में मुनव्वर फारूकी का दबदबा है। मुनव्वर के बाद अभिषेक कुमार को सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। वहीं, अंकिता तीसरे, मनारा चौथे और अरुण पांचवें पायदान पर हैं। हर साल 'बिग बॉस' के विनर को लाखों का चेक दिया जाता है। इस सीजन में भी कंटेस्टेंट की झोली पैसों से भर दी जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सीजन में विनर को 30 से 40 लाख रुपये की प्राइज मनी दी जाएगी।

# मुंबई कॉन्सर्ट में निक जोनस को मिला फैंस का भरपूर प्यार, प्रियंका ने यूं कहा शुक्रिया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस इस वक्त अपने ससुराल यानी मुंबई में हैं। जी हां,



निक और उनके दोनों भाई जो जोनस और केविन जोनस इन दिनों म्यूजिक फेस्टिवल के चलते मुंबई में हैं। प्रियंका चोपड़ा के सिंगर निक जोनस इस वक्त अपने ससुराल यानी मुंबई में हैं। जी हां निक और उनके दोनों भाई जो जोनस और केविन जोनस इन दिनों म्यूजिक फेस्टिवल के चलते मुंबई में हैं। निक जोनस के कॉन्सर्ट को मिले भरपूर प्यार को देख प्रियंका चोपड़ा थोड़ी इमोशनल होती नजर आई। जहां उन्होंने शानदार परफॉर्म भी किया था। पीसी संग शादी की 6 साल बाद निक जोनस ने पहली बार इंडिया में परफॉर्म किया है, जिसे देख लोग काफी खुश हुए। सोशल मीडिया पर इस कॉन्सर्ट की वीडियोज और फोटोज तेजी से वायरल हो रही है। ऐसे में अब देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा का भी रिएक्शन सामने आया है। पीसी ने मुंबई और अपने फैंस को खास अंदाज में शुक्रिया कहा है अपने देश और अपने शहर में पति निक जोनस के कॉन्सर्ट को मिले भरपूर प्यार को देख प्रियंका चोपड़ा थोड़ी इमोशनल होती नजर आई और इंस्टाग्राम स्टोरी पर कॉन्सर्ट का एक वीडियो शेयर किया है।

# जीत के बेहद करीब अंकिता ने फिनाले में उतारी पति विक्की की आरती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बस कुछ घंटों बाद तीन महीनों का लंबा सफर तय कर चुके 5 कंटेस्टेंट अंकिता लोखंडे,




मुनव्वर फारुकी, अभिषेक कुमार, मनारा चोपड़ा और अरुण माशेट्टी में से कोई एक विनर बनकर बाहर आने वाला है। फैंस यह जानने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं कि इस बार ट्रॉफी किसके हाथ जाने वाली है। जनवरी की शाम 6 से 12 बजे तक इस शो का ग्रैंड फिनाले आने वाला है। फिनाले में विनर का नाम सामने आने से पहले कंटेस्टेंट अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को सरप्राइज देने वाले हैं। अब अंकिता-विक्की और अरुण-तहलका की परफॉर्मेंस का प्रोमो सामने आ गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर द खबरी ने कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अंकिता और विक्की एक साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो स्टार्ट होते ही विक्की कहते हैं 'कभी सोचा नहीं था कि अटूट बंधन की शक्ति भी कमजोरी बन जाएगी'। इसके बाद अंकिता बोलती हैं 'लेकिन हमने ये साबित कर दिया कि लोग चाहें जितनी भी उंगलियां हम पर उठाएं, हम एक-दूसरे के साथ खड़े होकर दुनिया की हर ताकत को कमजोर बना देंगे। इसके बाद दोनों 'कभी खुशी कभी गम वाले गाने पर डांस करते नजर आते हैं। इस दौरान अंकिता रेड कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। वहीं, विक्की ब्रैक कलर की शेरवानी में दिखाई दिए इसके साथ ही तहलका और अरुण का परफॉर्मेंस वीडियो भी समाने आ गया है। वीडियो में फिर से दोनों का रीयूनियन देखने को मिल रहा है। ये दोनों 'जुम्मे की रात' गाने पर परफॉर्मेंस दे रहे हैं। इसकी शुरुआत वैसे ही होती है, जैसे दोनों घर के अंदर रहते थे। दोनों एक बेड पर दिखाई देते हैं। इसके बाद तहलका बोलते है ये क्या मै घर में वापस आ गया और फिर अरुण बोलते हैं तेरा भाई टॉप 5 में आ गया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608783/10
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।